संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया , शनिवार 27 सितंबर 2025 | email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 187









**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया |**
**शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी ||**

आज नवरात्रि का छठा दिन, मां स्कंदमाता की पूजा, स्कंद षष्ठी और शनिवार व्रत है. आज पंचमी तिथि है, इसलिए आज मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है. वैसे भी आज स्कंद षष्ठी व्रत का संयोग बना है. इसमें भगवान कार्तिकेय की पूजा करते हैं. आज आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि, अनुराधा नक्षत्र, बालव करण, प्रीति योग, पूर्व का दिशाशूल और वृश्चिक में चंद्रमा है. रवि योग सुबह में 06:12 बजे से लेकर सुबह 07:15 बजे तक है. रवि योग में स्कंदमाता की पूजा करें. जैसा कि आपको नाम से ही पता है स्कंदमाता वो देवी हैं, जिनके पुत्र का नाम स्कंद है. स्कंदमाता का अर्थ है स्कंद की माता. स्कंद भगवान कार्तिकेय को कहते हैं, जो देवताओं के सेनापति हैं. स्कंदमाता मां दुर्गा का पांचवा स्वरूप हैं. इनकी पूजा करने से संतान, सुख, समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है.

# बिहार में महिला रोजगार योजना लॉन्च कर बोले प्रधानमंत्री- आपके दो भाई नरेन्द्र और नीतीश

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ , 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रु

**पटना ,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुभारंभ किया। इस योजना के तहत राज्य की 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपये, यानी कुल 7,500 करोड़ रुपये, सीधे हस्तांतरित किए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।



**1. नवरात्रि में नारी शक्ति के साथ जुड़ाव** : प्रधानमंत्री मोदी ने नवरात्रि के पावन अवसर पर बिहार की नारी शक्ति के साथ खुशियों में शामिल होने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि भाई की खुशी तब होती है जब उसकी बहन स्वस्थ, सुखी और आत्मनिर्भर हो। मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मिलकर महिलाओं के हित में योजनाओं को लागू करने का संकल्प साझा किया। उन्होंने कहा कि हर परिवार की एक महिला को इसका लाभ अवश्य मिलेगा।

**2. पूर्व सरकारों पर तीखा प्रहार** प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और राजद पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों में भ्रष्टाचार इतना गहरा था कि दिल्ली से भेजा गया हर एक रुपया पूरी तरह लाभार्थी तक नहीं पहुंचता था। मोदी ने जोर देकर कहा कि आज भेजी गई 10-10 हजार रुपये की राशि किसी द्वारा लूटी नहीं जा सकती।

**3. महिलाओं की सुरक्षा और विकास** : मोदी ने कहा कि राजद शासनकाल में अराजकता, नक्सली हिंसा और भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा मार बिहार की महिलाओं को झेलनी पड़ी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में कानून का राज लौटा है और महिलाएं अब बेखौफ होकर घरों से बाहर निकल पा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार को अब अंधेरे में नहीं जाने दिया जाएगा, और नवरात्रि के इस पावन अवसर पर नारी शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने 22 सितंबर से लागू जीएसटी दरों में कमी का भी उल्लेख किया, जो परिवार और व्यापार दोनों के लिए राहतदायक होगी।

**रोजगार और स्वरोजगार के अवसर :** प्रधानमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से अब तक 75 लाख महिलाएं जुड़ चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जनधन योजना और बैंक खातों के मोबाइल लिंक के कारण ही प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) संभव हुआ। मोदी ने हाल ही में शुरू किए गए 'जीविका निधि साख सहकारी संघ' का भी उल्लेख किया, जो योजना के प्रभाव को और बढ़ाएगा।

**महिला सशक्तिकरण और अन्य पहल :** प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना 'लखपति दीदी अभियान' को मजबूती देगी, जिससे देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनने का लक्ष्य प्राप्त होगा। उन्होंने मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी अभियान, बीमा सखी और बैंक दीदी अभियान जैसी पहलों का भी उल्लेख किया। मोदी ने उज्ज्वला योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को केंद्र में रखकर नीति बनाती है, जिससे पूरा समाज लाभान्वित होता है।

# भाजपा ही वह पार्टी है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखती है : अमित शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा की क्षेत्रीय बैठक को किया संबोधित




**बेतिया,** (हि.स.)

**» बैठक में कई सांसद, विधायक और नेताओं की मौजूदगी में भाजपा ने चुनावी तैयारियों का संदेश दिया।**

।पश्चिम चंपारण के कुमारबाग स्टील फैक्ट्री प्रांगण में भाजपा की चंपारण एवं सारण क्षेत्रीय बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं से आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया।

**संगठन और अनुशासन पर जोर** : उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही मजबूत भारत का आधार है। भाजपा राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ती है और कार्यकर्ताओं की ताकत संगठन को मजबूती देती है।

**योजनाओं की जानकारी देना कार्यकर्ता का दायित्व** : शाह ने कहा कि हर कार्यकर्ता का पहला दायित्व केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने घर-घर जाकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की जानकारी देने और संगठन को मजबूत करने का आग्रह किया।

**बिहार में भाजपा का चुनावी संकल्प** : बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, कई सांसद और विधायक उपस्थित थे। अमित शाह के संबोधन ने स्पष्ट संदेश दिया कि भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी।

# बिहार में सरकार बनी तो महिलाओं को हर माह 2500 पेंशनः प्रियंका गांधी

## -पिछड़ा वर्ग को ठेकेदारी में भी 50 प्रतिशत मिलेगा आरक्षण

**पटना ,** (हि.स.)। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी स्थित गांधी मैदान में आयोजित हर घर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार की डबल इंजन सरकार पर कथित रूप से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश की जमीन सस्ती दर पर गिरवी रखी जा रही है और अडानी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों के लिए सरकार काम कर रही है। बिहार में चुनाव के दो महीने पहले महिलाओं को नकद सहायता देने को उन्होंने वोट खरीदने का प्रयास करार दिया। प्रियंका ने बताया कि सत्ता में बैठे लोग लोगों के रोजगार, जमीन और अन्य सुविधाओं की हानि कर चुके हैं।



**विकास और सामाजिक समावेशन:** : प्रियंका ने वादा किया कि उनकी सरकार सभी जाति-धर्म के लिए समान कार्य करेगी। उन्होंने बापू की धरती पर आने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्वजों और उनके परिवार की कुर्बानी देशवासी नहीं भूलेंगे। सभा में उपस्थित महिलाओं से उन्होंने 'बहना' के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि झांसे में नहीं आएं तो आने वाला समय बेहतर होगा।

**शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य पर कांग्रेस का दावा:** प्रियंका गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं को समय पर डिग्री नहीं मिल रही और नौकरी की प्रक्रिया बाधित है। वहीं कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षा का बेहतर माहौल, स्वास्थ्य के लिए पच्चीस लाख रुपये तक का खर्च और महिलाओं के लिए रोजगार एवं आरक्षण का अवसर मिला। उन्होंने बिहार में अंग्रेजी-आधारित सरकारी स्कूल और युवाओं के लिए रोजगार व्यवस्था बनाने का वादा किया, ताकि पलायन रोका जा सके।

### ट्रंप के टैरिफ का भारतीय फार्मा कंपनियों पर असर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आयातित ब्रांडेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ का ऐलान, एक अक्टूबर से लागू होगा। इसके असर से भारतीय शेयर बाजार में दवा कंपनियों के शेयर गिर गए। बीएसई हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 फीसदी नीचे आया। भारतीय फार्मा कंपनियों के लिए अमेरिका बड़ा निर्यात बाजार है। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में भारत से अमेरिका को 3.7 अरब डॉलर का फार्मा निर्यात हुआ, जो कुल फार्मा एक्सपोर्ट का 40 फीसदी है। विशेषज्ञों का मानना है कि जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ न होने के कारण असर सीमित रहेगा, लेकिन पॉलिसी रिस्क बढ़ गया है। टैरिफ का सबसे ज्यादा असर सन फार्मा पर होगा, क्योंकि उसकी अमेरिका में बिक्री 19 फीसदी है। वहीं, सिप्ला, डॉ. रेड्डीज लैब्स और ल्यूपिन की अमेरिका में मौजूद मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के कारण इन पर असर कम रहेगा। ग्लैंड फार्मा, अरबिंदो, जाइडस और ल्यूपिन जैसी कंपनियों में अमेरिकी कारोबार की हिस्सेदारी 37-50 फीसदी के बीच है, जिससे उनका मार्जिन प्रभावित हो सकता है।

# एच-1बी वीजा के नए नियम तैयार करते वक्त योगदान का भी रखें ध्यान : भारत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**» विदेश मंत्री जयशंकर और अमेरिकी मंत्री रुबियो की मुलाकात में व्यापार और शुल्क सहित द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई।**

भारत ने अमेरिका से आशा जताई है कि नए एच-1बी वीज़ा नियम तैयार करते समय कुशल प्रतिभाओं के आदान-प्रदान के महत्व को ध्यान में रखा जाएगा।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस संबंध में अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग का नोटिस देखा गया है और सभी हितधारकों के लिए विचार व्यक्त करने का एक महीने का समय है।

**आर्थिक और तकनीकी प्रभाव** जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका में तकनीक, नवाचार, आर्थिक विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता में कुशल प्रतिभाओं का योगदान अहम है। भारत उद्योग सहित सभी संबंधित पक्षों के साथ संपर्क बनाए रखेगा और आशा करता है कि ये कारक नए नियमों में उचित रूप से विचार किए जाएंगे।

**द्विपक्षीय संवाद और सक्रिय संपर्क** : अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की मुलाकात में व्यापार और शुल्क मुख्य चर्चा विषय थे। प्रवक्ता ने बताया कि एच-1बी वीज़ा और अन्य पहलुओं पर मंत्रालय और वाशिंगटन स्थित दूतावास अमेरिकी प्रशासन के साथ सक्रिय संपर्क में हैं। 20 जनवरी से 25 सितंबर के बीच कुल 2417 भारतीय नागरिक स्वदेश लौटे हैं।

# नाटो चीफ का बयान गैर-जिम्मेदाराना : भारत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत ने नाटो प्रमुख मार्क रूटे के उस बयान को पूरी तरह निराधार बताया है, जिसमें कहा गया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी टैरिफ़ के असर को लेकर रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री और पुतिन के बीच ऐसी कोई बातचीत हुई ही नहीं।



**नाटो प्रमुख को जिम्मेदारी से बयान देने की सलाह** जायसवाल ने कहा कि नाटो जैसी महत्वपूर्ण संस्था के प्रमुख को सार्वजनिक बयान देते समय सटीकता और जिम्मेदारी बरतनी चाहिए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों या अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं को गलत तरीके से पेश करना अस्वीकार्य है।

**भारत की ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा पर जोर** : विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का ऊर्जा आयात राष्ट्रीय हित और उपभोक्ताओं के लिए किफ़ायती ऊर्जा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से होता है। भारत अपनी आर्थिक सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाता रहेगा।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। विदेशी मुद्रा भंडार में तीन हफ्ते की लगातार बढ़त के बाद गिरावट आई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 19 सितंबर को समाप्त हफ्ते में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले हफ्ते भंडार 4.69 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर पर पहुंचा था। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 86.4 करोड़ डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रह गईं, जबकि स्वर्ण



भंडार 36 करोड़ डॉलर बढ़कर 92.77 अरब डॉलर हो गया। इसी अवधि में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.87 अरब डॉलर और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत का आरक्षित भंडार 20 लाख डॉलर बढ़कर 4.76 अरब डॉलर पर पहुंचा। इससे पहले, सितंबर 2024 के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 704.88 अरब डॉलर पर पहुंच चुका था।

# बरेली में 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर विवाद पर बवाल, पुलिस ने छोड़े आंसू गैस

**बरेली,** (हि.स.)। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद 'आई लव मोहम्मद' विवाद को लेकर बरेली में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर मुस्लिम युवाओं का जमावड़ा प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के लिए इकट्ठा हुआ। अनुमति रद्द होने के बावजूद सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए और खलील स्कूल के पास बैनर-झंडे लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ शरारती तत्वों ने माहौल बिगाड़ा और पुलिस पर पथराव किया। भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने दो बाइक तोड़ीं और एक



दुकान में तोड़फोड़ की।

**पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई :** : पुलिस ने उपद्रवियों को काबू करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य समेत अधिकारी मौके पर डटे रहे। शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया और इलाके की ड्रोन निगरानी की जा रही है।

**सुरक्षा और स्थिति नियंत्रण:** शहर के चौराहों और गलियों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गई। श्यामगंज व कोहाड़ापीर मार्ग की रोडवेज बसों का संचालन रोक दिया गया और बाजार बंद रहे। पुलिस ने लगातार शांति बनाए रखने की अपील की, जिससे हालात नियंत्रण में आए, लेकिन तनाव बरकरार है।

# छत्तीसगढ़ में ईडी की रहेजा और सुल्तानिया ग्रुप समेत अन्य कारोबारियों के यहां छापेमारी

**रायपुर,** (हि.स.)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और बिलासपुर के कुछ बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर शुक्रवार को ईडी की टीमें पहुंचीं ।ईडी की टीम सुबह कारोबारियों के ठिकानों पर पहुंच गयी थीं और जांच में जुटी हुई हैं। ईडी की टीम आज सुबह दो इनोवा कार में रायपुर के जवाहर मार्केट में स्थित रहेजा ग्रुप के संचालक संजय रहेजा के घर और कार्यालय में पहुंचीं और दस्तावेजों तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों( मोबाइल -लैपटॉप) की जांच कर रही हैं। इस ग्रुप के तीन भाई संजय, हरीश एवं एक अन्य अपने माता-पिता के साथ




रहते हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने जानकारी दी कि ईडी की टीम ने इसके अलावा बिलासपुर में मीनाक्षी सेल्स सुल्तानिया ग्रुप के यहां भी छापा मारा है। बिलासपुर शहर में मीनाक्षी सेल्स और सुल्तानिया ग्रुप के यहां भी ईडी की एक टीम पहुंची और जांच कर रही है। यह कार्रवाई शराब कंपनी के स्टॉक एक्सचेंज और कोल घोटाले से संबंधित बतायी जा रही है।

# बिहार में 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की महिला लाभुकों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार

## योजना के तहत 75 लाख महिलाओं को 10,000 रुपये प्रति लाभुक सीधे बैंक खाते में दिए गए




**पटना,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' का शुभारंभ किया। यह योजना राज्य की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। योजना के तहत 75 लाख महिला लाभुकों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से प्रत्येक को 10,000 रुपये दिए जाएंगे, जिससे कुल 7,500 करोड़ रुपये का वितरण किया गया।

**मुख्यमंत्री का संदेश और अतिरिक्त सहायता :** कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस योजना का लाभ राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को मिलेगा। जिन महिलाओं का रोजगार अच्छा चलेगा, उन्हें आगे 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि शेष महिलाओं को लाभ देने के लिए अगली तिथि 3 अक्टूबर निर्धारित की गई है और भविष्य में इस योजना से जुड़ने वाली सभी महिलाएं इसका लाभ उठा सकेंगी।

**स्वयं सहायता समूहों का विकास :** मुख्यमंत्री ने योजना के पूर्व आधार पर राज्य में स्वयं सहायता समूहों (SHG) की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर राज्य में 'जीविका' नामक स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया। वर्तमान में इनकी संख्या लगभग 11 लाख हो चुकी है और 1 करोड़ 40 लाख महिलाएं इससे जुड़ चुकी हैं। 2024 से शहरी क्षेत्रों में भी SHG का गठन शुरू हुआ है, जिनकी संख्या 37 हजार और महिलाओं की संख्या लगभग 3 लाख 85 हजार है।

**व्यवसाय में वृद्धि और भविष्य की योजनाएं :** बोधगया प्रखंड की नूरजहां खातून ने योजना के 10 हजार रुपये का लाभ अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में उपयोग करने की बात कही। भवानीपुर प्रखंड की पुतुल देवी ने मिठाई की दुकान बढ़ाने और जीविका से प्राप्त ऋण का उपयोग करके व्यवसाय में वृद्धि करने का अनुभव साझा किया। सभी लाभुकों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और योजना के माध्यम से अपनी जीवन शैली में सुधार और रोजगार सृजन की संभावनाओं को उजागर किया। यह योजना बिहार में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**लाभुकों के अनुभव :**
कार्यक्रम में चार लाभुक महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। बगहा-2 प्रखंड की रंजीता काजी ने आदिवासी समाज की शिक्षा, सड़क और बिजली जैसी सुविधाओं के मिलने पर आभार व्यक्त किया। कोइलवर प्रखंड की रीता देवी ने जीविका समूह के ऋण और व्यवसायिक अनुभव के जरिए अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने की कहानी साझा की।

**01 : जो महिलाएं रोजगार में सफलता प्राप्त करेंगी, उन्हें 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी।**

---------------------

**02 : राज्य में स्वयं सहायता समूहों (SHG) की संख्या 11 लाख और महिलाओं की संख्या 1 करोड़ 40 लाख तक पहुंच चुकी है।**

---------------------

**03 : लाभुकों ने योजना से अपने व्यवसाय और जीवन में हुए सकारात्मक बदलाव साझा किए।**

---------------------

**04 : योजना से महिलाओं के स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।**

# पटना में ऑटो और ई-रिक्शा पर अब बारकोड अनिवार्य



**पटना,** (हि.स.)।पटना जिले में यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए पटना कमिश्नरी ने ऑटो और ई-रिक्शा में बारकोड लगाने को अनिवार्य कर दिया है। प्रत्येक परमिट प्राप्त वाहन पर यह बारकोड लगाया जाएगा, जिसमें वाहन और चालक की पूरी जानकारी दर्ज होगी। यात्री इस बारकोड को स्कैन कर चालक और वाहन की जानकारी आसानी से देख सकेंगे। वहीं प्रवर्तन टीम के लिए भी वाहन और चालक से संबंधित जानकारी प्राप्त करना सरल हो जाएगा। यदि कोई चालक बिना बारकोड के वाहन चलाता पाया गया, तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**ऑनलाइन परमिट आवेदन प्रक्रिया और रूट निर्धारण** विभाग जल्द ही नए परमिट के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करेगा। इसके लिए एक विशेष पोर्टल विकसित किया जा रहा है, जिससे वाहन स्वामी जोनवार आवेदन कर सकेंगे। प्रत्येक वाहन स्वामी एक जोन के अंदर अधिकतम तीन रूटों के लिए आवेदन कर सकता है, लेकिन परमिट केवल एक रूट के लिए ही जारी होगा। कुछ विशेष परिस्थितियों जैसे आपातकाल या ईंधन लेने के लिए अन्य रूट में वाहन चलाने की छूट निर्धारित शर्तों के साथ दी जाएगी।

**शहर में यातायात सुगमता के लिए जोनबद्ध व्यवस्था :**
शहर में जाम की समस्या को कम करने के लिए पटना को तीन जोन — पीला, ब्लू और हरा — में विभाजित किया गया है। इसके अलावा रिजर्व ऑटो और ई-रिक्शा के लिए अलग जोन बनाया गया है। नई व्यवस्था के तहत ऑटो और ई-रिक्शा केवल निर्धारित जोन में ही परिचालित होंगे, जिससे शहर में यातायात सुगम और व्यवस्थित रहेगा। यह कदम यात्रियों की सुरक्षा और शहर में व्यवस्थित परिवहन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा

# बिहार के भविष्य को आकार देने में महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें : प्रियंका गांधी




**पटना,** (हि.स.)कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को पटना के सदाकत आश्रम में आयोजित "शक्ति अधिकार" कार्यक्रम में लगभग 2,000 महिलाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं से राज्य के भविष्य को आकार देने में अपनी भूमिका और शक्ति को पहचानने का आग्रह किया।

**राजनीतिक दल और महिलाओं की ताकत :** प्रियंका गांधी ने कहा कि राजनीतिक दल चुनावों के समय महिलाओं से नकद राशि लेकर वोट तो लेते हैं, लेकिन उन्हें सम्मान या अवसर नहीं देते। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाएं अपनी शक्ति को अक्सर नहीं पहचान पातीं, जबकि राजनीतिक दल उन्हें समझते हैं और इसी कारण चुनाव से पहले उन्हें पैसा देते हैं। प्रियंका ने महिलाओं को बताया कि उनके बिना कोई सरकार सत्ता में नहीं आ सकती, इसलिए उनकी शक्ति अहम है।

**महिलाओं के संघर्ष और अनुभव :** इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं प्रियंका गांधी के साथ अपने निजी संघर्ष साझा कर रही थीं। इसमें मनरेगा मजदूरों, जीविका सदस्यों और आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। प्रियंका ने इन महिलाओं के संघर्ष को सराहा और उन्हें अपनी शक्ति और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। प्रियंका गांधी का यह संदेश स्पष्ट था कि महिलाएं केवल वोट देने वाली नहीं हैं, बल्कि वे राज्य और समाज के बदलाव की सशक्त एजेंट भी हैं।

**बिहार में बेरोजगारी और पलायन की समस्या** ' प्रियंका गांधी ने बिहार में बेरोजगारी और पलायन की समस्या पर केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई पुरुष बेहतर रोजगार की तलाश में राज्य से बाहर जाते हैं, जिससे महिलाओं को अकेले ही घर और काम संभालना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं हैं, जो महिलाओं की स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बनाता है।

# बिहार में अनुकम्पा नियुक्ति अब होगी पूरी तरह ऑनलाइन



**पटना,** (हि.स.)।बिहार सरकार ने सरकारी सेवकों की असामयिक मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देने की पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन कर दी है। इसके लिए "अनुकम्पा नियुक्ति और निगरानी प्रणाली" नामक नया पोर्टल (https://anukampa-niyukti.bihar.gov.in ) विकसित किया गया है, जिसे 26 सितम्बर 2025 से लाइव कर दिया गया है। इससे मृतक सेवक के आश्रित सीधे आवेदन कर सकेंगे और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध होगी।

**ऑनलाइन आवेदन और निगरानी :** पोर्टल के माध्यम से आवेदन की प्रत्येक चरण की निगरानी ऑनलाइन की जाएगी। इससे आवेदक को आवेदन की स्थिति का पूरा पता रहेगा और किसी प्रकार की देरी या अस्पष्टता नहीं होगी। अभी तक भौतिक आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं, लेकिन 26 सितम्बर के बाद केवल ऑनलाइन आवेदन पर विचार किया जाएगा। यह कदम प्रक्रिया को तेज और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में उठाया गया है।

**समय पर राहत का उद्देश्य** सामान्य प्रशासन विभाग ने बताया कि सरकार का मूल उद्देश्य मृतक सेवक के आश्रित परिवार को समय पर राहत पहुंचाना है। पहले की प्रक्रिया में देरी और जटिलताएं अक्सर देखी जाती थीं। ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से न केवल जवाबदेही बढ़ेगी, बल्कि आवेदन समयसीमा के भीतर निष्पादित भी होंगे। इससे प्रभावित परिवारों को तत्काल मदद और राहत मिलने की संभावना बढ़ जाएगी।

**मॉनिटरिंग और पारदर्शिता** नियुक्ति प्राप्त करने के बाद, नौकरी धारकों की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अपने कार्य ईमानदारी और तत्परता के साथ निभा रहे हैं। यह प्रणाली सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ मानवीय सहानुभूति को भी बढ़ावा देती है। इससे न केवल सरकार के कामकाज में सुधार होगा, बल्कि प्रभावित परिवारों को समय पर न्याय और सहायता भी मिलेगी।

**योग्यता की समीक्षा और नियुक्ति :**
इस प्रणाली में मृतक सेवक के परिवार के उम्मीदवारों की योग्यता की पूरी तरह समीक्षा की जाती है। पात्र होने पर उन्हें संबंधित सरकारी नौकरी में नियुक्त किया जाता है। यह प्रक्रिया नियमों और मानकों के अनुसार की जाती है, जिससे यह न्यायपूर्ण और पारदर्शी बनी रहे। उम्मीदवार की योग्यता, शैक्षणिक प्रमाणपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज़ ऑनलाइन जमा किए जाते हैं।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना : सारण जिले की 2 लाख 57 हजार महिलाओं के खाते में भेजी गई राशि



**पटना,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिलाओं के खातों में पहली किस्त के रूप में दस हजार रुपये की राशि भेजी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत केन्द्रीय और बिहार के मंत्री उपस्थित थे।


इस अवसर पर सारण जिले की लगभग 2 लाख 57 हजार महिलाओं को दस हजार की राशि भेजी गई है। जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा कि सारण जिले की लगभग 2 लाख 57 हजार महिलाओं को दस हजार की राशि भेजी गई है। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। साथ ही विभाग द्वारा तारीख निर्धारित की गई है, अगला तारीख 3 नवम्बर है, उसके आधार पर जो भी आवेदन आएंगे उनमें राशि भेजी जाएगी।

इस योजना के अंतर्गत राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिये आर्थिक सहायता मिलेगी। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के बाद आंकलन कर दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। साथ ही महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिये गांवों से लेकर शहरों तक हाट-बाजार विकसित किये जायेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल, नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता मुकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी तथा सैकडों जीविका दीदियाँ उपस्थित रहीं।

# बिहार में सुखद बदलावों की बयार, बच्चियों के बाल विवाह में आई 70 प्रतिशत की कमी

## बिहार में बाल विवाह की दर में लड़कियों के लिए 70% और लड़कों के लिए 68% की गिरावट आई है।

**पटना,** (हि.स.)।बड़े पैमाने पर बाल विवाह के लिए अक्सर खबरों में रहने वाले बिहार में अब इसमें गंभीर गिरावट देखी जा रही है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की शोध रिपोर्ट 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवर्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार, राज्य में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 70 प्रतिशत और लड़कों के बाल विवाह की दर में 68 प्रतिशत की कमी आई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज गिरावट के अनुरूप है, जहां लड़कियों में 69 प्रतिशत और लड़कों में 72 प्रतिशत की कमी हुई है।




**बाल विवाह के प्रमुख कारण** शोध में यह सामने आया कि बाल विवाह के पीछे अभी भी कुछ कारण प्रभावशाली हैं। इनमें खराब आर्थिक स्थिति (90 प्रतिशत), बच्चों के लिए उचित जोड़ीदार मिलना (65 प्रतिशत) और सुरक्षा से जुड़ी चिंताएँ (39 प्रतिशत) शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन कारणों पर ध्यान देकर और जागरूकता बढ़ाकर बाल विवाह की रोकथाम में और सफलता हासिल की जा सकती है।

**अन्य राज्यों में गिरावट :** सर्वेक्षण में शामिल अन्य चार राज्यों में भी बाल विवाह की दर में कमी देखी गई। असम में लड़कियों के बाल विवाह में 84 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 70 प्रतिशत, राजस्थान में 66 प्रतिशत और कर्नाटक में 55 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह आंकड़े बताते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ नागरिक समाज संगठनों के प्रयास प्रभावी साबित हो रहे हैं।

**समन्वित प्रयासों का असर :** रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन वर्षों में केंद्र, राज्य सरकारों और 250 से अधिक नागरिक समाज संगठनों के संयुक्त प्रयासों से बाल विवाह की दर में अप्रत्याशित गिरावट संभव हुई है। बिहार में 32 सहयोगी संगठन 38 जिलों में बाल अधिकारों की सुरक्षा और जागरूकता अभियान चला रहे हैं। जेआरसी के संयोजक रवि कांत ने आश्वासन दिया कि समन्वित प्रयासों से बिहार 2030 तक बाल विवाह मुक्त राज्य बन सकता है।

# बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा 2025 का रिजल्ट जारी

**पटना,** (हि.स.)।

**01: पूरे बिहार में 627 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में कुल 18,30,121 उम्मीदवार शामिल, 71 अयोग्य घोषित।**

**02 : उम्मीदवार बिहार पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर रोल नंबर और जन्मतिथि के आधार पर रिजल्ट देख सकते हैं।**



बिहार पुलिस और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस में सिपाही पद के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा का रिजल्ट आधिकारिक रूप से जारी कर दिया गया है। इस भर्ती में कुल 19,838 रिक्तियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) का परिणाम अब उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है। केंद्रीय चयन परिषद ने दिनांक 11 मार्च 2025 को विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत सिपाही भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था।

**परीक्षा प्रक्रिया और भागीदारी** बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा 2025 को पूरे राज्य में 627 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया। इस परीक्षा में कुल 18,30,121 उम्मीदवार शामिल हुए। परीक्षा में कदाचार, प्राथमिकी, गलत रोल नंबर या प्रश्न-पुस्तिका नंबर अंकित करने जैसे कारणों से 71 उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया गया। वैध उम्मीदवारों की संख्या 13,30,050 रही, जिन्होंने परीक्षा में अपनी योग्यता साबित की।

**परिणाम की प्रमुख जानकारी** उम्मीदवार अपने रिजल्ट में लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) दोनों के परिणाम देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया के लिए सूचित किया जाएगा। यह रिजल्ट बिहार पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है, जिससे उम्मीदवार आसानी से अपने रोल नंबर के आधार पर अपना परिणाम देख सकते हैं। बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा का यह परिणाम उन सभी उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण है जिन्होंने सालों की मेहनत और तैयारी के बाद इस परीक्षा में भाग लिया।

**रिजल्ट देखने की प्रक्रिया**
बिहार पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएँ।
"बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2025 परिणाम" लिंक पर क्लिक करें।
अपना रोल नंबर और जन्मतिथि दर्ज करें।
परिणाम स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा; इसे प्रिंट या डाउनलोड किया जा सकता है।

# पूर्णिया में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का भव्य ऑनलाइन अंतरण, 3 लाख 30 हजार लाभुकों के खाते में 7500 करोड़ की राशि

## राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को 10,000 प्रति लाभुक की दर से कुल 7500 करोड़ का सीधा अंतरण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में किया गया

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को ₹10,000 प्रति लाभुक की दर से कुल ₹7500 करोड़ का सीधा अंतरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार, पूर्णिया में लाइव प्रसारित हुआ। योजना का उद्देश्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए प्रारंभिक आर्थिक सहायता प्रदान करना है। सभी समुदायों और वर्गों की महिलाएँ इस योजना का लाभ उठा सकती हैं।



### महिलाओं को मिलेगा आर्थिक सहायता के साथ प्रशिक्षण एवं व्यवसायिक मार्गदर्शन

योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने हेतु प्रारंभिक राशि ₹10,000 प्रदान की जा रही है। इसके बाद, आकलन के आधार पर ₹2 लाख तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने का प्रावधान है।साथ ही, सरकार द्वारा प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की गई है। योजना सामुदायिक सहकारिता आधारित है। लाभुकों को पहले स्थानीय स्वयं सहायता समूह (SHG) से जोड़ा जाएगा, ताकि रोजगार चयन और संचालन में उन्हें सहयोग मिल सके।राज्य में 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़े 1 करोड़ 40 लाख जीविका दीदियों की संगठनात्मक व्यवस्था भी लाभुकों के लिए मददगार साबित होगी।

**पूर्णिया में लाभुकाओं की संख्या और राशि का विवरण**

पूर्णिया जिलान्तर्गत जीविका समूह में कुल 3 लाख 60 हजार आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3 लाख 30 हजार आवेदन स्वीकृत हुए। इसमें से 2 लाख 13 हजार 156 दीदियों के बैंक खातों में ₹10,000 की राशि का अंतरण किया गया।

**गांव से शहर तक महिला उत्पादों के लिए हाट-बाजार का विकास**

योजना का एक अहम पहलू महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से शहर तक हाट-बाजार का विकास करना है। प्रशिक्षण और उत्पादन में सहयोग के साथ, महिलाओं के व्यवसाय को बाजार तक पहुंचाने का व्यापक नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इस योजना का लक्ष्य महिलाओं को रोजगार और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता पर केंद्रित यह योजना राज्य और देश के आर्थिक विकास को भी बल देगी।



सबहेडिंग 5:

**लाभुकाओं ने साझा किया अनुभव, जिला अधिकारी हुए**

भवानीपुर की जीविका दीदी पुतुल देवी ने प्रधानमंत्री से संवाद करते हुए योजना से जुड़कर अपने जीवन में आए बदलाव साझा किए। प्रधानमंत्री ने उन्हें और अन्य दीदियों को व्यवसाय का हुनर सिखाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने उपस्थित जीविका दीदियों को पौधा देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अंजनी कुमार, निदेशक डीआरडीए, जिला खेल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और जीविका परियोजना प्रबंधक सहित भारी संख्या में जीविका दीदियाँ एवं अधिकारी उपस्थित

1. जीविका समूह में कुल 3 लाख 60 हजार आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3 लाख 30 हजार आवेदन स्वीकृत हुए।
2. इसमें से 2 लाख 13 हजार 156 दीदियों के बैंक खातों में ₹10,000 की राशि का अंतरण किया गया
3. **महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से शहर तक हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे, ताकि रोजगार और उद्यमिता को मजबूती मिले।**
4. **पूर्णिया में 3 लाख 60 हजार आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3 लाख 30 हजार आवेदन स्वीकृत हुए और 2 लाख 13 हजार 156 दीदियों के बैंक खातों में राशि का अंतरण किया गया।**

---

**एनडीए की सरकार में पूर्णिया की 23,570 महिलाएँ आर्थिक रूप से हुईं सशक्तः विधायक विजय खेमका**

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना : पूर्णिया में 23,570 महिलाओं के खाते में 10,000 भेजा गया : विधायक

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत बिहार की 75 लाख से अधिक महिलाओं को सीधे उनके बैंक खातों में ₹10,000 वितरित किए गए। इस अवसर पर पूर्णिया विधायक विजय खेमका ने बताया कि केवल पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र में 23,570 महिलाओं के खाते में यह राशि पहुंच चुकी है।

**महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम**

विधायक खेमका ने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश जो कहते हैं, वह करते हैं।



इस समय जनता को फ्री राशन, फ्री बिजली, फ्री शिक्षा और फ्री चिकित्सा जैसी सुविधाएँ भी मिल रही हैं।

**दुर्गा पूजा और दीपावली पर GST दरों में राहत**

विधायक ने बताया कि इस योजना के साथ-साथ आम लोगों को दुर्गा पूजा और दीपावली के अवसर पर जीएसटी दरों में कमी का लाभ भी मिला है, जिससे जनता खुश है।

**विपक्ष पर तीखा निशाना**

श्री खेमका ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश में इमरजेंसी थोपने वाले और बिहार में जंगलराज लाने वाली कांग्रेस एवं आरजेडी की नीतियों को जनता भूल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के हिमायती और परिवारवाद वंशवाद के पोषक अब भी राजकुमार मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं, लेकिन बिहार की जनता ने पहले भी उन्हें रिजेक्ट किया और आने वाले चुनाव में भी महागठबंधन को 'जीरो' पर आउट करेगी।

**पूर्णिया और बिहार में एनडीए की पुन: प्रचंड जीत का भरोसा**

विधायक ने जोर देकर कहा कि पूर्णिया सहित पूरे बिहार के मतदाताओं ने मन बना लिया है कि फिर से एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत से बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुँच रहा है और विकास का यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा।

---

# एनडीए सरकार पूर्णिया को विकास के नए आयाम देने के लिए कटिबद्ध "पूर्णिया में एयरपोर्ट : क्षेत्रीय विकास का नया द्वार : शाहनवाज हुसैन

## शाहनवाज हुसैन ने पूर्णिया में विकास और एकता का किया आह्वान, एयरपोर्ट व एक्सप्रेसवे पर दिया जोर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने पूर्णिया में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार के विकास और सामाजिक एकता पर जोर देते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने केंद्र और राज्य में एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए पूर्णिया और बिहार के समग्र विकास के लिए चल रही योजनाओं का उल्लेख किया।

**पूर्णिया एयरपोर्ट: क्षेत्रीय विकास का नया द्वार**

श्री हुसैन ने पूर्णिया में प्रस्तावित एयरपोर्ट के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लोगों के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगा। उन्होंने बताया कि



एयरपोर्ट न केवल कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, बल्कि व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनडीए सरकार पूर्णिया को विकास के नए आयाम देने के लिए कटिबद्ध है।

**पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे: बिहार की प्रगति का मार्ग**

पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे के निर्माण को लेकर उन्होंने कहा कि यह परियोजना बिहार के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगी। एक्सप्रेसवे न केवल यात्रा का समय कम करेगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों में भी गति लाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार के हर कोने को समृद्ध बनाने के लिए एनडीए सरकार दिन-रात काम कर रही है।

**: ओवैसी पर निशाना : मोहब्बत का संदेश हमारा मंत्र :**

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधते हुए श्री हुसैन ने कहा कि ओवैसी भड़काऊ बयान देकर समाज को बांटने का काम करते हैं। वहीं, बीजेपी का संदेश साफ है — मोहब्बत और एकता का पैगाम। उनका उद्देश्य बिहार और देश को एकजुट रखते हुए विकास के पथ पर ले जाना है।

**एनडीए के साथ एकजुटता का आह्वान**

शाहनवाज हुसैन ने जनता से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और बिहार के विकास एवं स्थिरता के लिए एनडीए की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार हमेशा बिहार के हितों को सर्वोपरि रखती रही है और भविष्य में भी यह प्रतिबद्धता जारी रहेगी।

**विकास और एकता के लिए प्रतिबद्धता**

शाहनवाज हुसैन ने जोर देकर कहा कि बीजेपी और एनडीए सरकार बिहार के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। उन्होंने पूर्णिया की जनता से अपील की कि वे एनडीए के विकास एजेंडे में साथ दें और बिहार को प्रगति के नए शिखर तक ले जाने में सहयोग करें।

---

# कृषि विभाग : पूर्णिया में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता, किसान रहें निश्चिन्त, नहीं करें किसी कमी की चिंता

## खेतों में बुआई अभी नहीं, आलू की खेती 15 अक्टूबर के आसपास शुरू होने की संभावनाः जिला कृषि पदाधिकारी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और इस समय क्षेत्र में कोई फसल की बुआई भी नहीं चल रही है। उक्त बातें कृषि विभाग के द्वारा बतायी जा रही है ! कृषि विभाग पूर्णिया के अनुसार, आगामी 15 अक्टूबर 2025 के आसपास आलू की खेती की शुरुआत होने की संभावना है। इसके साथ ही विभाग ने यह भी माना है कि , किसानों से उर्वरक से संबंधित कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिला कृषि पदाधिकारी हरिद्वार प्रसाद चौरसिया ने बताया कि इन शिकायतों को लेकर विभाग द्वारा लगातार छापामारी और निरीक्षण जारी है। उन्होंने बताया कि छापेमारी में, सहायक निदेशक (शष्य), भूमि संरक्षण, पूर्णियाँ एवं सहायक निदेशक (शष्य), बीज उत्पादन-सह-विपणन पदाधिकारी के साथ संयुक्त रूप से बनमनखी प्रखंड के जानकी नगर में खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर कार्रवाई की गई है ।



**वर्तमान में पूर्णिया जिले में उपलब्ध उर्वरक की स्थिति इस प्रकार हैः**

यूरियाः 9833.55 MT
डी.ए.पी.: 14760.90 MT
MOP: 8018.44 MT
NPK: 24333.80 MT
SSP: 7119.80 MT



**किसानों को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है**

जिला कृषि पदाधिकारी हरिद्वार प्रसाद चौरसिया ने बताया कि भंडारित उर्वरकों का लगातार सत्यापन किया जा रहा है इसके साथ हीं खाद कि किल्लत नहीं हो इसे लेकर पूर्णिया जिले को निरंतर खाद का रैक प्राप्त हो रहा है। इसलिए किसानों को उर्वरक की कमी से संबंधित किसी भी सूचना से भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए जिला नियंत्रण केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

**जिला कृषि विभाग के अनुसार किया गया कार्यवाही :**

1 -**मेसर्स रसदमपुर किसान एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर लिमिटेड, बनमनखी और मेसर्स कृषि विकास केन्द्र, बनमनखी की अनुज्ञप्ति निलंबित की गई।**

2 -**मेसर्स माँ काली खाद बीज भंडार, बनमनखी के प्रोपराइटर से स्पष्टीकरण मांगा गया।**

**कृषि विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर**

**जिला नियंत्रण केंद्रः 06454-296295**

**जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्णिया (कॉल/व्हाट्सएप): 9031646959**

---

**विद्युत करंट से महिला की मौत**

मरंगा थाना क्षेत्र के सतकोदरिया पंचायत स्थित अलीनगर में एक महिला की दुखद मृत्यु विद्युत करंट लगने से हो गई। मृतका की पहचान अलीनगर निवासी सुमेल सोरेन की पत्नी हलीमा मुर्मू के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, हलीमा मुर्मू सुबह अपने कच्चे घर में सफाई और पुताई का काम कर रही थीं, तभी घर में लगे विद्युत तार के संपर्क में आने से उन्हें करंट लग गया। करंट लगने के तुरंत बाद ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण एवं सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष अजा उर रहमान उर्फ पप्पू, पूर्व मुखिया युगल हांसदा, और मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र टुड्डू भी मौके पर पहुँचे और मृतका के परिजनों को ढांढस बंधाया।

---

# पटना में प्रियंका गांधी का कांग्रेस के युवा नेता दिवाकर यादव ने किया अभिनंदन

**न्यूज स्केल पटना (पूर्णिया )**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस सांसद एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को पटना पहुँची। इस दौरान उनका स्वागत कांग्रेस के युवा नेता दिवाकर यादव ने एयरपोर्ट पर पुष्प गुच्छ देकर किया।

इस अवसर कों श्री यादव ने बताया कि यह राष्ट्रीय महासचिव के स्वागत और आत्मीय मुलाकात थी, उन्होंने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी जी से खुशहाल वार्ता हुई। दिवाकर यादव ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलकर सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव साझा किया और चंद शब्दों में पूर्णिया की जनता की ओर से उनका आभार व्यक्त किया।



उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा ने महिला संवाद के महत्व पर जोर देते हुए महिलाओं को अपने अधिकार और समाज में भागीदारी बढ़ाने की प्रेरणा दी। उनके आगमन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

श्री यादव ने बताया कि पूर्णिया के लोगों ने भी प्रियंका गांधी वाड्रा के इस स्वागत को अपनी उम्मीदों और आशीर्वाद का प्रतीक माना है ।

---

# स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान में बच्चों की आंखों की स्क्रीनिंग

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शुक्रवार को प्रखंड पूर्णिया पूर्व, भवानीपुर, बी कोठी और के० नगर के स्कूलों में बच्चों की आंखों की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में नेत्र संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है।

**स्क्रीनिंग में भागीदारी** :इस अभियान में कुल 51 लड़कों और 435 लड़कियों की आंखों की जांच की गई। स्कूल स्तर पर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों की दृष्टि परीक्षण किया और उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए।



**चश्मा वितरण के लिए प्रिसक्रिप्शन** : स्क्रीनिंग के दौरान कुल 67 बच्चों को चश्मा बनाने के लिए प्रिसक्राइब किया गया। अभियान के माध्यम से बच्चों में दृष्टि संबंधी परेशानियों की पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की पहल बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी है और आगे भी नियमित रूप से स्कूलों में स्क्रीनिंग कार्यक्रम जारी रहेगा।

---

# मरंगा थाना क्षेत्र में बैनर विवाद : त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई से स्थिति समान्य, पुलिस बल नियुक्त

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

मरंगा थाना क्षेत्र के जोगी चक-सोसा मुगल टोली गांव की सीमा पर लगे विवादित बैनर "आई लव मोहम्मद" को लेकर दो समुदायों के बीच तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हुई। हालांकि फ़ौरन प्रशासन ने शख्त कदम उठाया और त्वरित कार्रवाई से स्थिति पर काबू पाया गया।

**मौके पर प्रशासन और पुलिस तैनात**

घटना की सूचना पर सदर डीएसपी ज्योति शंकर, अंचलाधिकारी के.नगर दिवाकर कुमार सहित चार थानों की पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। मरंगा थानाध्यक्ष रूपक रंजन सिंह, अपर थानाध्यक्ष विष्णुकांत, के नगर थानाध्यक्ष मुन्ना पटेल, कामाख्या ओपी प्रभारी राहुल कुमार, और टाउन थाना पुलिस बल भी तैनात किया गया।



**स्थानीय प्रतिनिधियों की भागीदारी**

घटना स्थल पर स्थानीय प्रतिनिधियों ने प्रशासन का सहयोग किया। इसमें गोआसी मुखिया एवं सांसद प्रतिनिधि अफरोज आलम, पूर्व प्रखंड प्रमुख मंजूर बैग, राजद प्रखंड अध्यक्ष आफताब आलम, उप मुखिया निरंजन मंडल, जदयू प्रखंड अध्यक्ष उदय शुक्ला, वरुण साह, बन भाग चूनापुर मुखिया अशफाक आलम, तथा राजस्व कर्मचारी रूपक कुमार शामिल रहे।

**सीसीटीवी से हुई संदिग्धों की पहचान**

पुलिस ने दोनों समुदायों के बैनर लगाने और नोचने में शामिल तीन लोगों की पहचान सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से की। प्रशासन ने दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों को सोसा ठाकुरबारी परिसर में बुलाकर घटना की पूछताछ की और लिखित रूप से बॉन्ड तैयार कराया।

# पूर्णिया में विशेष कैम्प : पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजनाओं के तहत लाभुकों को मिला ऋण स्वीकृति व वितरण पत्र

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) के तहत बैंकों द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की ऋण स्वीकृति और वितरण पत्र लाभुकों को प्रदान करने के उद्देश्य से जिला उद्योग केन्द्र, पूर्णिया ने महानंदा सभागार, समाहरणालय, पूर्णिया में एक विशेष कैम्प का आयोजन किया। यह कैम्प जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निदेशानुसार आयोजित किया गया।



**मुख्य अतिथियों और कार्यक्रम का उद्देश्य**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार, अंजनी कुमार, उप विकास आयुक्त, पूर्णियामहाप्रबंधक संजीव कुमार, जिला उद्योग केन्द्र, पूर्णिया ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए उद्योग विभाग द्वारा संचालित PMEGP और PMFME योजनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

**योजनाओं का लक्ष्य और वर्तमान उपलब्धिया**

**पीएमईजीपी योजना (वित्तीय वर्ष 2025-26):**

**जिले का भौतिक लक्ष्य: 71 परियोजनाएं**

**अब तक 45 लोगों को ऋण स्वीकृति प्रदान की गई**

**03 लाभुकों को ऋण वितरण किया गया**

**कार्यक्रम में उपस्थित रहे अधिकारी**

इस कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता, बैंकिंग, पूर्णिया डी०डी०एम०, नाबार्ड, पूर्णिया एवं विभिन्न बैंकों से आए पदाधिकारी, जिला समन्वयक और शाखा प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र और संबंधित अधिकारी लगभग 50 लाभार्थी और संबंधित लोग उपस्थित रहे !

### कैम्प में ऋण स्वीकृति एवं वितरण

**: पीएमईजीपी अंतर्गत :**

**19 लाभार्थियों को कुल 1,73,27,000/- की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई,3 लाभुकों को 19,53,000/- की ऋण वितरण राशि प्रदान की गई**

**: पीएमएफएमई योजना :**

**जिले का भौतिक लक्ष्य: 326 परियोजनाएं**

अब तक 101 लोगों को ऋण स्वीकृति प्रदान की गई
76 लाभुकों को ऋण राशि वितरित की गई

### : जिला पदाधिकारी ने लाभुकों की दी शुभकामनाएं:

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सभी लाभुकों को शुभकामनाएं दी और योजनांतर्गत प्राप्त राशि का सदुपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने जिले की उपलब्धियों पर असंतोष व्यक्त किया और बैंकों को निर्देशित किया कि स्वीकृत आवेदनों की ऋण राशि यथाशीघ्र वितरित की जाए।

## दुर्गा पूजा-दशहरा शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को लेकर जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में महानंदा सभागार, पूर्णिया में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जिलाधिकारी ने विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी निर्धारित एसओपी के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करें। पर्व के दौरान खलल डालने वाले और अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर विधि सम्मत कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया।

डीएम ने पूर्णिया वासियों से अपील की कि वे दुर्गा पूजा और दशहरा को सौहार्दपूर्ण वातावरण और भाईचारे के साथ मनाएं। वहीं, विधि-व्यवस्था की संपूर्ण जिम्मेदारी अपर समाहर्ता रवि राकेश और अपर पुलिस अधीक्षक श्री आलोक रंजन को सौंपी गई है।

## राजनीति : ओवैसी ने कहा तेजस्वी ने ठुकराया एआईएमआईएम का ऑफर, महागठबंधन को चेताया

**न्यूज स्केल रौटा (पूर्णियां)**

एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने रौटा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का ऑफर तेजस्वी यादव ने ठुकरा दिया,उन्होंने कहा की इससे महागठबंधन को नुकसान उठाना पड़ सकता है। सभा कों सम्बोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि एआईएमआईएम ने महागठबंधन से केवल 6 सीटें मांगी थीं, न तो मंत्री पद की मांग की और न किसी अन्य लाभ की। इसके बावजूद तेजस्वी ने प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कहा, "हम



गैरों की चौखट में जाकर भीख नहीं मांगेंगे। सभा में उपस्थित जनता से सीधे मुख़ातिब होते हुए ओवैसी ने कहा की आपके पास इतनी ताकत है कि दुबारा अपने वोट से इन्हे कामयाब कर सकते हैं।"

ओवैसी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि राजद नेताओं को समझना चाहिए कि मजलिस ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है, और अगर यह प्रस्ताव ठुकराया गया तो इसका खामियाजा चुनाव में गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने की स्थिति में भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा, और इसे रोकने के लिए जनता को सतर्क रहना होगा।

सभा में उन्होंने सीमांचल क्षेत्र के विकास और सीमांचल डेवलपमेंट बोर्ड के गठन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने अमौर विधानसभा से अख्तरुल ईमान की जीत के लिए जनता से समर्थन की अपील की।

सभा में विधायक अख्तरुल ईमान, एआईएमआईएम प्रदेश महासचिव हाजी नाहीद गनी, प्रखंड अध्यक्ष मास्टर शाहीद, सचिव रागिब आसिम, सायर मो सराफत समेत कई नेता मौजूद थे।

ओवैसी ने अंत में जनता से अपील की कि वे अपने वोट का प्रयोग समझदारी से करें और महागठबंधन को मजबूती देने के साथ भाजपा को सत्ता में आने से रोकें।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना : बनमनखी में महिलाओं को 10,000 की पहली किस्त जारी :विधायक कृष्ण कुमार ऋषि

**न्यूज स्केल बनमनखी**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में शुरू हुई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बनमनखी प्रखंड में महिलाओं के बैंक खातों में पहली किस्त के रूप में 10,000 रुपये हस्तांतरित किए गए। उक्त बाते विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने हरपटी गांव में सैकड़ों महिलाओं को संबोधित करते हुए कही, उन्होंने योजना के लाभ और स्वरोजगार अवसरों के बारे में भी अपने सम्बोधन में जानकारी दी।

**योजना का उद्देश्य और डीबीटी के माध्यम से लाभ**

विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने बताया कि सरकार आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को रोजगार का नया अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में लगभग 75 लाख महिला लाभुकों को 10,000 रुपये



प्रति महिला डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भेजे जा चुके हैं। बनमनखी प्रखंड के 24,006 और बड़हरा प्रखंड के 19,191 लाभुकों के खाते में राशि स्थानांतरित की गई।

**स्थानीय कार्यक्रम और प्रधानमंत्री का उद्बोधन**

बनमनखी प्रखंड कार्यालय सहित 200 से अधिक स्थानों पर हजारों लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिया गया उद्बोधन सुना। प्रधानमंत्री ने जीविका दीदी से ऑनलाइन बातचीत कर उनके अनुभव साझा किए और योजना के लाभ समझाए।

**स्वरोजगार के अवसर और प्रशिक्षण**

विधायक ऋषि ने बताया कि बनमनखी प्रखंड में सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत विधवा और विकलांग महिलाओं को जोड़कर स्वरोजगार कराया जा रहा है।

बकरी पालन हेतु 12,000 रुपये केवल एससी/एसटी महिलाओं को दिए जा रहे हैं।

मुर्गा पालन के लिए 200 से अधिक महिलाओं को चूजा उपलब्ध कराया गया।

सिलाई प्रशिक्षण में 110 महिलाएं शामिल हैं, जिससे उन्हें आने वाले समय में लाभ मिलेगा।

**समूह और संगठन का विवरण**

**बनमनखी प्रखंड में कुल** 4,187 जीविका समूह, 295 ग्राम संगठन और पांच CLF कार्यरत हैं। लगभग 50,000 महिलाएं जीविका से जुड़कर स्वरोजगार और स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।

मुख्य बिंदु (वन-लाइन): महिलाओं के बैंक खाते में 10,000 रुपये की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से भेजी गई।

**योजना का लाभ केवल 18 से 60 वर्ष की महिलाएं प्राप्त कर सकती हैं।**

सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत विधवा और विकलांग महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।

बकरी और मुर्गा पालन, सिलाई प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना : महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम : नूतन गुप्ता

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

भाजपा जिलामंत्री श्रीमती नूतन गुप्ता ने कहा कि दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा जैसे बड़े त्योहारों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश की महिलाओं को ऐतिहासिक तोहफा दिया है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की, जो महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि इस योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने



1. दुर्गा पूजा व दीपावली-छठ से पहले महिलाओं को बड़ा तोहफा
2. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से हर परिवार की एक महिला को रोजगार का अवसर
3. आर्थिक सहयोग के साथ सामाजिक सशक्तिकरण का भी माध्यम

के लिए दस हजार रुपये की प्रारंभिक सहायता दी जाएगी। साथ ही, रोजगार के विस्तार और मजबूती के लिए दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का भी सशक्त माध्यम है।

भाजपा जिलामंत्री ने कहा कि महिलाएं इस योजना से कृषि, पशुपालन, हस्तशिल्प, सिलाई, बुनाई और लघु उद्योग जैसे क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से अपना रोजगार शुरू कर सकेंगी। इससे न केवल परिवार की आय बढ़ेगी बल्कि जीवन स्तर में भी सुधार होगा। श्रीमती गुप्ता ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महिलाओं से इस योजना से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

### दो वर्षीय बच्चे की नहर में डूबने से मौत

न्यूज़ स्केल धमदाहा

मीरगंज थाना क्षेत्र के दमेली पंचायत में शुक्रवार को,कसमार टोला के निकट नहर में डूबने से एक लगभग दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना बच्चे के खेलते समय नहर के किनारे घटित हुई। घटना की सूचना मिलते ही मीरगंज थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बच्चे की लाश को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा हा कि माँ के निधन के बाद बालक नाना के घर राहत था ।

## भवानीपुर में विद्युत आपूर्ति में सुधार : पुराने तार बदलकर हाई-कैपेसिटी फीडर का काम प्रगति पर : विधुत विभाग

**न्यूज़ स्केल भवानीपुर**

**भवानीपुर में विधुत सप्लाई व्यवस्थित करने हेतु 63 केवीए ट्रांसफार्मर में आयी गड़बड़ी की किया गया ठीक**

भवानीपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर में सुबह अचानक आंतरिक गड़बड़ी उत्पन्न हुईं । विधुत सप्लाई बाधित ना हो इसलिए तुरंत विद्युत कर्मियों की तत्पर कार्रवाई से इसे शीघ्र ठीक कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई। विधुत विभाग ने बताया की इस क्षेत्र में औसतन 22 घंटे विद्युत उपलब्ध होती है, हालांकि वर्तमान में लाइन में मेंटेनेंस कार्य के कारण यह कभी-कभी 18 से 19 घंटे रह जाती है।



**132/33 केवी उपकेंद्र के निर्माण के लिए भूमि चयन प्रक्रिया तेज**

मुख्यमंत्री बिहार की प्रगति यात्रा के क्रम में भवानीपुर में 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए भूमि चयन की प्रक्रिया तेजी से चल रही है, ताकि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति और मजबूती से सुनिश्चित हो सके।

**फीडर अपग्रेडेशन का कार्य तेज गति से जारी** : क्षेत्र को सोनदीप शक्ति उपेंद्र से 33 केवी फीडर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति मिलती है, जो 132/33 चिकनी ग्रिड से जुड़ा है। पुराने तारों को उच्च क्षमता वाले तारों से बदलने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। कार्यकारी एजेंसी को 27 सितंबर को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक कार्य करने की अनुमति दी गई थी।

**दुर्गा पूजा के दौरान विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित** : बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर 28 सितंबर से शटडाउन पर रोक रहेगी और निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत प्रखंडों में जागरूकता शिविर आयोजित

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक का बिजली बिल पूर्णतः मुफ्त प्रदान किया गया है। यह सुविधा जुलाई 2025 की खपत के आधार पर अगस्त 2025 के बिल में लागू की गई है। सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भी चल रही है, जिसमें सोलर ऊर्जा उपकरणों के लिए सब्सिडी का प्रावधान है। वहीं, उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधी साइबर ठगी का खतरा भी है। आम जनता को सरकारी



कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और सहायता देने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा 2025 आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 सितंबर को जिले के सभी प्रखंडों में उपभोक्ता शिकायत निवारण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल 435 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 311 का निस्तारण तत्काल किया गया, जबकि शेष पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई जारी है

## बायसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी शशक्तनारी हस्ताक्षर अभियान

**न्यूज़ स्केल बायसी**

पूर्णिया जिले के बायसी प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग ने "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कुल 82 स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अहमर हसन ने किया। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक किंकर घोष, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक वंदना कुमारी, परिवार नियोजन सहायक परवेज आलम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी और सहयोगी भी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भागीदारी

हस्ताक्षर अभियान में 05 आशा फैसिलिटेटर, 68 आशा कार्यकर्ता और 09 ममता कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पीएसआई इंडिया की ओर से जिला प्रबंधक मयंक राणा और वरिष्ठ क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वयक ब्यूटी कुमारी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की। सभी प्रतिभागियों ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और परिवार नियोजन सेवाओं का समर्थन किया।

प्रजनन दर और जागरूकता पूर्णिया जिले की कुल प्रजनन दर 3.7 है, जबकि बिहार राज्य का औसत 3 है। इस कार्यक्रम में स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार की आधारशिला होने पर जोर दिया गया। विश्व गर्भनिरोधक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में परिवारों को बच्चों के बीच उचित अंतराल रखने और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षित रखने के महत्व पर विशेष उन्मुखीकरण प्रदान किया गया।

## सरिता राय भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कटिहार जिले की सह क्षेत्रीय प्रभारी नियुक्त, समर्थकों ने दी बधाई

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश नेतृत्व द्वारा सरिता राय, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा पूर्णिया को बिहार प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की कार्यसमिति सदस्य एवं कटिहार जिले के सह क्षेत्रीय प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, प्रदेश संगठन मंत्री भीकू भाई दलसनिया और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती धर्मशिला गुप्ता के निर्देशन में की गई। इस अवसर पर सरिता राय ने प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिला से प्रदेश स्तर तक



राजनीति में सहभागिता का मार्ग तय करने में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश कुमार एवं जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह का मार्गदर्शन और सहयोग महत्वपूर्ण रहा। सरिता राय की इस नियुक्ति पर नगर मंडल मध्य भाग के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार चौरसिया, श्रवण मंडल, भाजपा महिला मोर्चा की अनीता चौधरी, मंजू देवी, सुष्मिता राय (अधिवक्ता), अनुपम झा, बिणा शुद, इंदु सिंह, ज्योति साह, जानकी देवी, पूर्व वार्ड पार्षद लीला देवी, रिंकू देवी, मीना देवी, रीमा दास, पूनम देवी, पूर्णिमा देवी, पार्वती देवी, कला देवी, दीपा राय, सोनी कुमारी, रचना देवी, पथरी देवी, विमला देवी, गीता कृष्णा देवी, पंडिताइन पूनम देवी, अरुणा देवी, राजीव राय, गूप्तेश कुमार, गौरव चंद्रवंशी, रवि प्रकाश, सरवन शाह, मुकेश शर्मा, राजेश पटेल, अमरजीत राय, देवानंद कामती, चंदन कामती, विनोद कामती, कार्तिक शाह, रंजन कुमार, बंटी डागा, छोटू सिंह सहित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएँ दी !

# डांडिया : किलकारी बाल भवन, पूर्णिया में धूमधाम से आयोजित बाल धमाल डांडिया उत्सव, बच्चों और परिवारों ने उठाया आनंद

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

किलकारी बाल भवन, पूर्णिया में आयोजित बाल धमाल डांडिया उत्सव का उद्घाटन स्थानीय बुजुर्ग महिला, किलकारी कर्मियों और अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम से पूर्व "सहयोग पेटी" की जानकारी दी गई। यह पेटी जरूरतमंद बच्चों की आर्थिक मदद के लिए बनाई गई है। इसमें जमा राशि का उपयोग नामांकन शुल्क और अन्य आवश्यक खर्चों पर किया जाएगा। किलकारी कर्मियों और प्रशिक्षकों की देखरेख में यह पेटी हर तीन महीने पर खोली जाएगी। इस पहल का उद्देश्य बच्चों की मदद के साथ-साथ समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है।




**भारतीय संस्कृति और पारंपरिक नृत्य का उत्सव**

बाल धमाल डांडिया उत्सव भारतीय संस्कृति और परंपरा को जीवंत करने वाला आयोजन रहा। बच्चों, अभिभावकों, अधिकारियों और प्रशिक्षकों ने मिलकर डांडिया नृत्य का आनंद उठाया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पूर्णिया और जिला शिक्षा पदाधिकारी भी मौजूद रहे और बच्चों के साथ थिरककर उत्सव की ऊर्जा में शामिल हुए। संगीत की धुनों और डांडिया की ताल ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

**मनोरंजन, रचनात्मकता और सामूहिक सहभागिता**

इस उत्सव का मकसद बच्चों और युवाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का मंच देना था। समूह नृत्य, विशेष प्रस्तुतियाँ और रचनात्मक गतिविधियों ने कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया।डांडिया नृत्य ने बच्चों के उत्साह को बढ़ाया और परिवारों को सामूहिक सहभागिता का अवसर भी दिया।

**सांस्कृतिक एकता और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर**

किलकारी बाल भवन का यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक भी साबित हुआ। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और परंपराओं से जुड़ाव की भावना मजबूत हुई।



कार्यक्रम ने पूरे समाज को यह संदेश दिया कि सांस्कृतिक परंपराएँ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और भाईचारे की नींव होती हैं।

## उत्सव : किडज़ी जॉनी किड्स और माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में धूमधाम से मनाया गया डांडिया उत्सव









**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

महबूब खान टोला रोड स्थित किडज़ी जॉनी किड्स और माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर डांडिया उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे उत्सव में भाग लेकर परिसर को सांस्कृतिक और रंग-बिरंगे माहौल से भर दिया। बच्चों की ऊर्जा और उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।

**नवरात्रि और देवी माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की रोचक जानकारी**

कार्यक्रम में बच्चों को नवरात्रि के महत्व और देवी माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के बारे में रोचक जानकारी दी गई। इसके साथ ही आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों को चित्रित कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

**निदेशक और प्राचार्या ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की**

निदेशक त्रिदीप कुमार दासने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को भारतीय परंपरा और संस्कृति से जोड़ते हैं और उनमें आत्मविश्वास व सामाजिक जुड़ाव बढ़ाते हैं। प्राचार्या अम्ब्रीन खान ने सभी बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों का सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में रचनात्मकता और टीम भावना का विकास होता है।

**समापन उल्लासपूर्ण सामूहिक नृत्य के साथ**

कार्यक्रम का समापन बच्चों के सामूहिक डांडिया नृत्य और उल्लासपूर्ण वातावरण के साथ हुआ। सभी बच्चों ने उत्सव का भरपूर आनंद लिया और इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उन्हें परंपरा, मनोरंजन और रचनात्मकता का एक यादगार अनुभव दिया।

## आयोजन : इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 'सेवा का सम्मान' कार्यक्रम और प्रेरक फ़िल्म प्रदर्शन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पूर्णिया में 'सेवा का सम्मान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था ! इस कार्यक्रम में विद्यालय के चौकीदार, ड्राइवर, सफाईकर्मी और अन्य सहयोगी स्टाफ को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रेरक लघु फ़िल्म "चलो जीते हैं" दिखाई गई, जो स्वामी विवेकानंद के विचार "बस वही जीते हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं" पर आधारित है। फ़िल्म ने विद्यार्थियों में सेवा और कृतज्ञता की भावना को उजागर किया।



**सेवा और कृतज्ञता के मूल्यों पर जोर** : प्रधानाचार्या श्रीमती किस्मत आरा ने कार्यक्रम के दौरान सेवा और कृतज्ञता के मूल्यों पर जोर दिया।

निदेशक डॉ. असद इमाम ने मौन नायकों—जिन्होंने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया लेकिन नाम नहीं कमाया—की भूमिका को महान बताया। वहीं सहायक निदेशक श्री आदिल इमाम ने इसे विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा की ओर प्रेरित करने वाला बताया।

कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्रों के साथ हुआ, जिनमें उन्होंने अपने अनुभव, सीख और कार्यक्रम से मिली प्रेरणा को साझा किया।

1. प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम
2. विद्यालय सहयोगी स्टाफ को किया गया सम्मानित
3. विद्यार्थियों को दिखाई गई प्रेरक लघु फ़िल्म
4. विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री को लिखे अनुभव साझा करने वाले पत्र

## कैथोलिक स्कूल एसोसिएशन के 'उमंग महोत्सव का रंगारंग प्रतियोगिताओं के साथ आज होगा आगाज

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

कैथोलिक स्कूल एसोसिएशन के "उमंग महोत्सव 2025 का आज रंगारंग प्रतियोगिताओं के साथ भव्य आगाज होगा ! इसे प्रतियोगिता में शामिल विभिन्न खेलों के स्पर्धा के लिये डॉन बॉस्को विद्यालय, मरियम नगर सज धज कर हा तैयार, इस खेल प्रतियोगिताओं सभी की तैयारियां पूरी हो चुकी है ! प्रतियोगिता मे फुटबॉल, वॉलीबाल और बास्केटबॉल में छात्र एवं छात्राओं के लिए प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। डॉन बॉस्को स्कूल परिसर को इस अवसर के लिए पूरी तरह सजाया गया है। डॉन बॉस्को, बेलौरी और माधोपारा के समन्वयक समीक्षा सुनुवार और विशेक थापा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।




**2016 मे हुई शुरुवात अब बन गया है एक मंच**

उमंग महोत्सव' की शुरुआत वर्ष 2016 से हुई है और तब से यह महोत्सव स्कूलों के छात्र-छात्राओं में खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण मंच बन गया है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे दिखेगा प्रतिभा का जलवा**

सेंट पीटर्स (अंग्रेजी माध्यम) स्कूल, चर्च परिसर के ऑडिटोरियम में छात्र एवं छात्राओं के लिए शास्त्रीय संगीत, नृत्य, वेस्टर्न डांस, फ्यूजन डांस, सोलो सॉन्ग, सोलो वाद्य संगीत एवं सोलो डांस की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष और प्राचार्य फादर मनोज खलको ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हैं और छात्र-छात्राएं बेहतरीन प्रस्तुति देंगे।

**ललितकला एवं शैक्षिक प्रतियोगिताएं**

सेंट पीटर्स माध्यमिक विद्यालय, चर्च परिसर:ललितकला, चित्रकला, प्रश्न मंच, पेपर क्राफ्ट, हिंदी एवं अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर वंदिता ने बताया कि "आर्ट एंड क्राफ्ट" प्रतियोगिताओं की पूरी तैयारी पूरी हो चुकी है।

**संगठन और व्यवस्थाओं की भूमिका**

विद्युत प्रभार – पौलूश हेंब्रम,
सुरक्षा एवं अन्य गतिविधियां -धीरज सिंह,
ध्वनि विस्तारक – डेनियल मुर्मू और अजय मुर्मू,
\खेल मैदान की व्यवस्थाएं – असीम लकड़ा और अंजली कुजूर को प्रभार सौंपा गया है।

**प्रतियोगिता का लेखा-जोखा**

संयोजन शबनम संगा और जयेश बिलुग करेंगे।

**इनडोर खेलों की चुनौती**

विमल हृदय विद्यालय, मरंगा रोडः शतरंज, कैरम, रस्साकसी और ओवरहेड प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। प्राचार्य सिस्टर अखिला ने कहा कि इनडोर गेम्स की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से हो जाएंगी।

## दुर्गा पूजा पर निर्बाध बिजली कि उपलब्धता का डीएम का निर्देश, विभागीय समीक्षा बैठक



**न्यूज स्केल धमदाहा**

आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर निर्बाध विद्युत आपूर्ति कों लेकर जिला पदाधिकारी के निर्देश के बाद शुक्रवार कों विधुत विभग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। दरअसल जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने निर्देश जारी किया है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर विधुत सप्लाई पूर्णतः सुनिश्चित किया जाय ! इस दिशा-निर्देश पर विद्युत कार्यपालक अभियंता पूर्णिया ने शुक्रवार कों 33/11 केवी उपेंद्र मीरगंज में बैठक की। बैठक में अनुमंडलाधिकारी धमदाहा, सहायक विद्युत अभियंता धमदाहा, कनीय विद्युत अभियंता मीरगंज और सभी संबंधित विद्युत कर्मी मौजूद थे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना था। इस दौरान संबंधित अभियंताओं को नियमित विद्युत आपूर्ति बनाए रखने और आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 29 मामलों की सुनवाई, 8 का निष्पादन



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में शनिवार को कुल 29 मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें 8 मामलों का सफल निष्पादन हुआ। निष्पादित मामलों में पति-पत्नी के आपसी विवाद को सुलझाकर कई परिवारों को पुनः बसाया गया। वहीं 3 मामलों को असहमति के कारण थाना अथवा न्यायालय भेज दिया गया। केंद्र में सुनवाई के दौरान अधिवक्ता दिलीप कुमार दीपक, स्वाति वैश्य, यंत्री प्रमोद जायसवाल, सुनील सिंह आदि ने अहम भूमिका निभाई। श्रीनगर थाना क्षेत्र के सोनू कुमार ने जनता दरबार में पत्नी से मिलाने की गुहार लगाई। पत्नी का आरोप था कि पति शराब पीकर मारपीट करता है, जबकि पति ने समय पर खाना न मिलने की शिकायत की। बातचीत के बाद दोनों पक्षों में यह समझौता हुआ कि न पति मारपीट करेगा और न ही घर वाले अनावश्यक हस्तक्षेप करेंगे। इसी शर्त पर मेल-मिलाप कराया गया। इसी तरह अन्य मामलों में भी आपसी सहमति से समाधान निकाला गया।

## पूर्णिया में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण और जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

जिला के प्रत्येक विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण एवं उपभोक्ता जागरूकता जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को सरकारी विद्युत योजनाओं की जानकारी दी गई और बिजली से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया गया।


मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत अब राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली बिल पूर्णतः अनुदान पर यानी मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का लाभ जुलाई 2025 की खपत के आधार पर अगस्त 2025 माह के बिल से दिया जा रहा है। इसके साथ ही सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भी कार्यान्वित है, जिसमें सोलर ऊर्जा स्थापित करने हेतु सब्सिडी का प्रावधान है।कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को यह भी जागरूक किया गया कि वे बिजली से संबंधित साइबर ठगी के शिकार न बनें और किसी भी संदेह की स्थिति में सीधे विद्युत विभाग से संपर्क करें। जानकारी के अनुसार, यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहा है। जिले के कुल 8 विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल में उपभोक्ताओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना गया तथा तत्काल समाधान प्रदान किया गया।



## पूर्णिया में बीज गुणन प्रक्षेत्र का निरीक्षण, लीफ फोल्डर कीट नियंत्रण की दी सलाह

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

सहायक निदेशक पौधा संरक्षण, पूर्णिया ने राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र बिलौरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लीफ फोल्डर कीट की समस्या का जायजा लिया गया और इसके नियंत्रण हेतु अनुशंसित कीटनाशक का छिड़काव करने की सलाह दी गई। साथ ही क्षेत्र प्रभारी के माध्यम से किसानों को इरिगेशन तथा आवश्यक कृषि प्रबंधन संबंधी विस्तृत सुझाव भी प्रदान किए गए। सहायक निदेशक ने किसानों को कीट नियंत्रण में सावधानी रखने और पौधों की सेहत बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस पहल से क्षेत्र में बीज उत्पादन की गुणवत्ता और पैदावार में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।



## बिजली विभाग द्वारा अनुमंडल कैंपस में मेगा शिविर लगाया गया

**न्यूज़ स्केल बायसी**

जिला में नॉर्थ बिहार पवार डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है. इसी क्रम में जिला पदाधिकारी महोदय के निर्देश के आलोक में दिनांक 26 सितंबर 2025 को अवर प्रमंडल बायसी अन्तर्गत अनुमंडल कार्यालय बायसी में मेगा शिविर का आयोजन किया गया , जिसमें सभी गाँव, टोलों व मोहल्लो में चलंत वाहन से माइकिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के अन्तर्गत सभी घरेलू उपभोक्ताओं के 125 यूनिट खपत तक निःशुल्क बिजली, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित जानकारी एवं साईबर ठगी से बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया गया था एवं शून्य विपत्र वाले उपभोक्ताओं को A4 साईज की रंगीन विपत्र की प्रति के साथ पम्पलेट एवं माननीय मुख्यमंत्री का संदेश की प्रति भी हस्तगत कराया गया था . कैंप में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जिसमे सोलर ऊर्जा अधिष्ठान हेतु सब्सिडी, स्मार्ट मीटर, बिल सुधार, बकाया भुगतान, नया कनेक्शन, पंजीकरण आदि सेवाएं एक ही जगह उपलब्ध की गई .उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर निस्तारण भी किया गया .



विभाग ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिया है कि वे कैंप में पूरी तत्परता के साथ उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करें.

# कटिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 3 लाख 33 हजार महिलाओं को मिली आर्थिक सहायता





**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार जिले में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 3 लाख महिलाओं को प्रथम किश्त के तहत 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। शुक्रवार को डीआरसीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाभार्थियों के खाते में राशि भेजने की प्रक्रिया की शुरुआत की।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी, विधायक, महापौर, उप महापौर, जिला परिषद अध्यक्षा और जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में 850 से अधिक जीविका दीदियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक मदद देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जबकि 6 महीने के बाद रोजगार की स्थिति को देखते हुए 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है।

कटिहार जिले के सभी प्रखंडों के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की 3 लाख 33 हजार महिलाओं के आधार से लिंक खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजने की स्वीकृति दी गई है। जीविका द्वारा ग्राम स्तर पर गठित महिला ग्राम संगठन के द्वारा महिलाओं का आवेदन तैयार करवाया गया और राज्य स्तर से उपलब्ध कराए गए एमआईएस पर प्रविष्टि कराई गई। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत किसी भी प्रकार की राशि, शुल्क या घूस किसी को भी नहीं देनी है। योजना की पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। अगर कोई व्यक्ति आपसे पैसे की मांग करता है, तो तुरंत इसकी जानकारी अपने ग्राम संगठन या संबंधित पदाधिकारी को दें।

# महिलाओं को मुख्यमंत्री की सौगात, खाते में भेजी गई दस हजार की राशि

**भागलपुर,** (हि.स.)। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत शुक्रवार को जिले की 2 लाख 16 हजार महिलाओं के खाते में 10,000 की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। इसके लिए टाउन हॉल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय, जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान टाउन हॉल में उपस्थित महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संवाद भी ऑनलाइन माध्यम से सुना। पीएम के संबोधन को सुनकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। खाते में राशि आने का संदेश जैसे ही मोबाइल पर पहुँचा टाउन हॉल तालियों से गूंज उठा।

महिलाओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस राशि से वे रोजगार के नए साधन खड़ी करेंगी और आत्मनिर्भर बनेंगी। एक महिला ने कहा अब हमें किसी के सहारे की जरूरत नहीं मुख्यमंत्री ने हमें अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया है। वहीं दूसरी महिला ने कहा हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आभारी हैं और चाहेंगे कि वे आगे भी बिहार के मुख्यमंत्री बने रहें। महिलाओं का उत्साह और प्रधानमंत्री के संवाद से मिली प्रेरणा इस योजना को और प्रभावी बनाती है।

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना न केवल आर्थिक सहयोग दे रही है बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

## फारबिसगंज में दुर्गा पूजा समिति ने समस्याओं के निराकरण की प्रशासन से की मांग



**अररिया** (हि.स.)। दुर्गा पूजा को हर्षोल्लास एवं आस्था के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी के साथ फारबिसगंज दुर्गा पूजा समिति महासंघ की बैठक जुम्मन चौक स्थित गोलछा राइस मिल में आयोजित की गई।

इस बैठक में शहरी क्षेत्र के अलावे आसपास के लगभग बाइस पूजा समितियों के पदाधिकारी और उनके कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। आए हुए समितियों के पदाधिकारी ने अपने-अपने पूजा पंडाल एवं पूजा से संबंधित समस्याओं से संघ को अवगत कराते हुए शासन प्रशासन के सहयोग से उन समस्याओं को दूर करने की मांग की।

संघ के अध्यक्ष मूलचंद गोलछा, उपाध्यक्ष बासुकीनाथ ठाकुर, मुन्ना सिंह, विनोद मेहता, सचिन राकेश रोशन के समक्ष रखी। आए हुए सभी पूजा समितियां के पदाधिकारी कृष्ण देव भगत, संतोष कुमार सिंह ने एक-एक करके अपने पुजा समितियों कि समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए पूजा कैसे शांतिपूर्ण और आनंदमय अवस्था में संपन्न कराया जाए हेतु शासन प्रशासन के सहयोग से समस्याओं के निवारण करवाने हेतु महासंघ से यथोचित पहल करने का आग्रह किया।

## कटिहार रेलमंडल में खान-पान की जांच, डीसीएम ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार रेलमंडल अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को रेल अधिकारियों ने रेल यात्रियों को गुणवत्ता पूर्ण आहार उपलब्ध कराने की दिशा में औचक निरीक्षण किया। डीसीएम संगीता मीणा ने राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के पेंट्रीकार, बेस किचेन, रेस्ट हाउस और स्टेशन के स्टॉलों पर खानपान सामग्री की जांच की।



अभियान के दौरान स्टेशनों पर चालित केटरिंग स्टॉल और ट्रॉलियों पर उपलब्ध खाद्य सामग्रियों की सघन जांच की गई। स्टाफ के निजी स्वच्छता और मेडिकल की भी जांच की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के पेंट्रीकार में उपयोग में लाई जा रही सामग्री और उपकरणों की भी जांच की गई। डीसीएम संगीता मीणा ने साफ-सफाई और खाने की गुणवत्ता संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश ट्रेन के पेंट्रीकार मैनेजर को दिए। भारतीय रेल द्वारा अपने यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के साथ-साथ सुरक्षित और हाइजीनिक खान-पान की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों के लिए सुरक्षित और हाइजीनिक खान-पान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से रेल प्रशासन यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाला खान-पान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कटिहार में अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**कटिहार,** (हि.स.)। जिले के डंडखोरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 15 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा दो व्यक्ति नशे की हालत में भी गिरफ्तार किए गए हैं।



डंडखोरा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति शराब की खेप लेकर भमरैली की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए वाहन जांच की गई, जिसमें दो व्यक्ति से 15 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अमन कुमार, पिता अमरनाथ सिंह, हार्डिया, थाना डंडारी जिला बेगुसराय और मुन मुन कुमार, पिता अजय सिंह, हार्डिया, थाना डंडारी जिला बेगुसराय शामिल हैं। इसके अलावा ललित परिहार, पिता दशरथ परिहार, सौरिया, थाना डंडखोरा, जिला कटिहार और दिलीप सोरापंच, पिता भोला सोरापंच, भटोरिया, थाना हसनगंज, जिला कटिहार को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी के दौरान सड़क हादसा, दो मजदूरों की मौत

**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम की तैयारी के दौरान एक भीषण हादसा हुआ है। कुरसेला थाना क्षेत्र के एनएच 31 विषहरी स्थान पर दो मजदूरों को एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मारा। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों मजदूर हवा में काफी ऊपर उछल गए और सड़क पर जा गिरे। इसके बाद स्कार्पियो दोनों को कुचलते हुए फरार हो गई। दोनों मजदूरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



मृतक मजदूर की पहचान मो. हनीफ (48) और मो. गुलजार (24) के रूप में की गई है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 27 सितंबर को कटिहार जिले के समेली आने वाले हैं, जिसके लिए यह पूरी तैयारी चल रही थी। समेली प्रखंड कार्यालय के पास मुख्यमंत्री के आने की तैयारी को लेकर लगभग 40 मजदूर सड़क के दोनों ओर रात में बेरिकेट बांधने का काम कर रहे थे। हादसे के बाद गुस्साए मजदूरों ने एनएच 31 को जाम कर दिया, जिससे पूर्णियां-बरौनी मार्ग पूरी तरह से जाम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मजदूरों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

दोनों मृतक आपस में चाचा-भतीजा हैं। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेज दिया है। लगभग 2 घंटे तक मजदूरों ने सड़क जाम कर मृतक साथी के मुआवजे की मांग की।

## दिव्यांगजनों को आपदा सुरक्षा को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**अररिया** (हि.स.)। अररिया एवं फारबिसगंज में सुरक्षित शुक्रवार के तहत समाज कल्याण विभाग के बुनियाद केंद्र की ओर से अररिया सदर और फारबिसगंज अनुमंडलों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजन भाइयों और बहनों को आपदा की स्थिति में अपने जीवन और अपने आस-पास के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक जानकारी और व्यावहारिक कौशल प्रदान करना था। अररिया सदर में जहां 41 लाभार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं फारबिसगंज में 38 लाभार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।




सक्षम के जिला प्रबंधक नवीन कुमार नवीन ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रतिभागियों को पंचायत और बुनियाद स्तर पर जागरूकता फैलाने का दायित्व भी निभाना चाहिए।

एसडीआरएफ टीम के कमांडर जितेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा आपदा के समय घबराना स्वाभाविक है, लेकिन प्रशिक्षण आपको घबराहट को नियंत्रित कर सही कदम उठाने की शक्ति देता है। नदी या पोखर में डूबने की स्थिति हो, वज्रपात से बचाव हो, भूकंप में सुरक्षित स्थान की पहचान हो, या फिर सर्पदंश और हृदयाघात जैसी स्थिति हर चुनौती में सबसे महत्वपूर्ण है समय पर सही निर्णय लेना।

उन्होंने सीपीआर का प्रदर्शन कर दिव्यांगजनों को सिखाया कि कैसे साधारण से प्रयास किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। विभिन्न प्रकार के आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिव्यांगजनों को दिया गया।

मौके पर अररिया सदर में करुण कुमार, केस प्रबंधक, तरन्नुम निगार सीनियर फिजियो, कुमार साहेब, स्पीच एंड हियरिंग विशेषज्ञ और फारबिसगंज में राजा साहेब, अनिल कुमार, ऑप्थेल्मो विशेषज्ञ, राजेश कुमार, स्पीच एंड हियरिंग विशेषज्ञ एवं एसडीआरएफ शामिल हुए।

## एसएसबी ने बबुआन में तस्करी के 180 किलो गांजा किया जब्त



**अररिया** (हि.स.)। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी जी समवाय घुरना की ओर से बीती रात कार्य क्षेत्र के बाबुआन गांव में छापेमारी कर 180 किलो तस्करी का गांजा जब्त किया।

बबुआन में भारतीय बोर्डर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 191/4 के नजदीक भारत साइड में करीबन डेढ़ किलोमीटर पर तस्करी का गांजा जब्त किया गया। जब्त किए गए गांजा को नेपाल से भारत की और लाया जा रहा था। जिसे सशस्त्र सीमा बल के विशेष नाका टीम द्वारा जब्त किया गया।एसएसबी के द्वारा आवश्यक कार्यवाही के बाद जब्त गांजा को घुरना थाना के सुपूर्द कर दिया गया।

## पिकअप पर लदे तस्करी के एक सौ बोरा यूरिया एसएसबी ने किया जब्त

**अररिया** (हि.स.)। एसएसबी 56वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी एच समवाय डुबाटोला की विशेष नाका टीम ने शुक्रवार को डुबाटोला वार्ड संख्या 12 में तस्करी के पिकअप पर लदे एक सौ बोरा भारतीय यूरिया जब्त किया गया।

सब्सिडाइज्ड भारतीय यूरिया को नेपाल ले जाने की तैयारी की जा रही थी।इसी दौरान एसएसबी की टीम ने भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 171 के नजदीक भारत साइड में लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर तस्करी का यूरिया को पिकअप के साथ जब्त कर लिया।यूरिया का प्रत्येक बैग 45 किलो का है।



मामले में एसएसबी ने पिकअप के चालक तस्कर को भी गिरफ्तार किया।पिकअप को चलाकर तस्कर यूरिया की गाड़ी को भारत से नेपाल की और ले जा रहा था। लेकिन ऐन मौके पर ही सशस्त्र सीमा बल के नाका टीम द्वारा जब्त किया। आवश्यक कार्यवाही के बाद एसएसबी ने जब्त यूरिया और पिकअप गाड़ी को फारबिसगंज कस्टम विभाग के सुपूर्द कर दिया।

## रास्ता विवाद को लेकर मारपीट, दो लोग घायल

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के एकचारी थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव में सरकारी जमीन पर रास्ता निकालने को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार को हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में शंकर मंडल और उनके भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों चाय टोला के रहने वाले हैं और शंकर मंडल एनटीपीसी प्लांट में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।



**सरकारी जमीन पर रास्ता बंद करने को लेकर विवाद**

शंकर मंडल ने बताया कि वे अपने निजी घर तक पहुंचने के लिए सरकारी जमीन का रास्ता इस्तेमाल करते हैं। आरोप है कि कुछ लोगों ने जबरन दीवार खड़ी कर रास्ता बंद कर दिया, जिससे उनके परिवार को आवागमन में कठिनाई होने लगी। पहले भी इस मामले की शिकायत थाने में की गई थी और यह विवाद लगभग एक साल से चल रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**प्रशासन से न्याय की गुहार**

शुक्रवार को जब शंकर मंडल और उनके भाई ने विरोध किया, तो उन पर हमला कर दिया गया। घायलों को कहलगांव अस्पताल ले जाया गया और बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से जमीन को लेकर तनाव बना हुआ था, लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता के कारण यह हिंसा में बदल गया। पीड़ित परिवार प्रशासन से न्याय की उम्मीद कर रहा है।

# सुपौल में पोषण माह-25 हेतु जिला स्तरीय अभिसरण कार्य योजना बैठक

**न्यूज स्केल सुपौल**

पोषण माह-25 को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय अभिसरण कार्य योजना (DCAP) की बैठक शुक्रवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सुश्री सारा अशरफ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक कल्याण विभागों के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

**विभागीय समन्वय पर जोर**
बैठक में डीडीसी ने कहा कि पोषण माह-25 के दौरान सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से गतिविधियाँ संचालित की जाएं। निर्धारित अवधि में सभी विभागों को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश



दिया गया।।

**हर प्रखंड में बनेगी पोषण वाटिका** : बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में कम से कम एक-एक पोषण वाटिका तैयार की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को लक्ष्य निर्धारित कर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया गया। पोषण वाटिका के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार और हरित क्रांति से जोड़ने का संदेश

**गतिविधियों का ऑनलाइन अपलोड अनिवार्य** : पोषण माह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की गतिविधियों का डेटा प्रतिदिन ICDS, स्वास्थ्य, जीविका और शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि जानकारी समय पर और पूर्णता के साथ दर्ज हो

दिया जाएगा।

**प्रमुख अधिकारी व संस्थाएँ रहीं मौजूद** : बैठक में सिविल सर्जन, स्वास्थ्य प्रबंधक, जिला कृषि पदाधिकारी, निदेशक DRDA, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुपौल सदर, जिला समन्वयक (राष्ट्रीय पोषण मिशन), प्रखंड प्रतिनिधि पिरामल फाउंडेशन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने पोषण माह को सफल बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

## सुपौल में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत वेबकास्टिंग, जीविका दीदियों ने लिया शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प

**न्यूज स्केल सुपौल**




टाउन हॉल, सुपौल में आज मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का लाइव वेबकास्टिंग किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न जीविका समूहों की लगभग 400 महिलाएं मौजूद रहीं।

**SVEEP गतिविधियों से जोड़ा गया कार्यक्रम** : कार्यक्रम के दौरान SVEEP गतिविधियों के तहत सभी जीविका दीदियों को आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। उप विकास आयुक्त सुश्री सारा अशरफ ने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे अपने मोहल्लों और समाज में 18 वर्ष से ऊपर के सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।

**"वोट देना है, फर्ज निभाना है" का संकल्प** : सहायक नोडल पदाधिकारी श्री शैलेश कुमार ने सभी जीविका दीदियों को "वोट देने जाना है, अपना फर्ज निभाना है" के तर्ज पर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण को शत-प्रतिशत मतदान में शामिल करना ही लक्ष्य है और इसके लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

**रंगोली से दिया मतदान का संदेश**
इस अवसर पर जीविका दीदियों ने रंगोली के माध्यम से मताधिकार की प्रक्रिया में सहभागिता और लोकतांत्रिक कर्तव्यों पर आधारित जनहित संदेश भी प्रस्तुत किए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जीविका ने सभी महिलाओं को सक्रिय भूमिका निभाने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**कार्यक्रम में रही प्रशासनिक उपस्थिति** : इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के प्रबंधक श्री शैलेश कुमार, विवेक कुमार (कार्यपालक सहायक), अभिषेक कुमार (कार्यपालक सहायक), BPM जीविका सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# एसएसबी ने 81 लीटर नेपाली शराब और एक बाइक को किया जब्त

**न्यूज स्केल वीरपुर**

45 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी निओर ने विशेष नाका ड्यूटी के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 229/1 के समीप किया कुल 81 लीटर नेपाली शराब के साथ एक मोटर साइकिल को जब्त किया। जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी सीमा चौकी निओर के जिम्मेवारी क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 229/1 के समीप से मादक पदार्थ की तस्करी होने की संभावना है इसी क्रम में बिना विलंब एसएसबी के कार्मिको की विशेष नाका पार्टी का गठन किया गया।



इसी क्रम में नाका पार्टी सूचना आधारित जगह पर करीब रात 2130 बजे देखा कि एक व्यक्ति सीमा स्तंभ संख्या 229/1 के पास से मोटर साइकिल पर बोरी में सामान लाधे नेपाल से भारत प्रभाग में छुपावदार रास्ते से आ रहा है। जैसे ही नाका पार्टी व्यक्ति के पास पहुंचा तो पार्टी को देखते ही व्यक्ति मोटर साइकिल गिरा कर नेपाल कि ओर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले l मौके पर बोरी की तलाशी लेने पर पता चला की इन बोरी में कुल 81 लीटर नेपाली शराब है।

तत्पश्चात आवश्यक कार्यवाही करने के बाद ज़ब्त शराब एवं मोटर साइकिल को पुलिस स्टेशन अंदरामठ को सुपुर्द कर दिया गया।

उक्त कार्यवाही के दौरान एसएसबी के उप निरीक्षक सामान्य रोमेश चंदर एवं अन्य जवान उपस्थित रहें।

# वीडीओ कंफ्रेंशिंग को सूनने भारी संख्या में जीविका दीदी सहित कर्मी उपस्थित थे

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रखंड जीविका से जुड़ी प्रत्येक महिला लाभुक के खाते में ₹10,000 का सीधा हस्तांतरण किया। इस अवसर पर प्रखंड सभागार में बड़ी संख्या में जीविका दीदी और कर्मी मौजूद रहे और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश को सुना। पीएम मोदी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और समानता का अधिकार देने में अग्रणी रही है।

**महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण** : प्रधानमंत्री ने लाभुक महिलाओं को नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह राशि छोटे व्यवसाय को शुरू करने में मदद करेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि महिलाएँ अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक बढ़ाती हैं तो उन्हें दो लाख रुपये तक की सहायता भी दी जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि पहले केंद्र से भेजी गई राशि में बहुत कमी होती थी, लेकिन अब जनधन योजना के तहत खुलवाए गए खातों में पैसा सुरक्षित और सीधे पहुंच रहा है।

**लक्ष्य – लखपति दीदी**



प्रधानमंत्री ने बताया कि बिहार में अब तक 1 करोड़ 11 लाख स्वंय सहायता समूह सक्रिय हैं और तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक दो करोड़ महिलाएँ लखपति बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में यह महत्वकांक्षी योजना तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही बिहार में सबसे ज्यादा लखपति दीदी होंगी।

**विकास और सकारात्मक बदलाव** : पीएम मोदी ने बिहार में सड़क निर्माण और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्र में हुए सकारात्मक विकास का जिक्र किया। उन्होंने लालू शासनकाल की तुलना करते हुए कहा कि तब अराजकता का राज था। उन्होंने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान और जीएसटी में कमी जैसे हालिया कदमों की जानकारी दी और महिलाओं से अपील की कि वे संकल्प लें और बिहार के भविष्य को सुरक्षित बनाएँ।

# तैलिक साहू सभा के संगठनात्मक चुनाव संपन्न

## चुनाव प्रक्रिया के तहत अशोक कुमार साह को सर्वसम्मति से चुना गयाप्रखंड अध्यक्ष

**न्यूज स्केल राघोपुर**

राघोपुर प्रखंड में तैलिक साहू सभा का संगठनात्मक चुनाव संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया में अशोक कुमार साह को सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव सभा को मजबूत बनाने और सामाजिक कार्यों को गति देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मंच संचालन संत अमरजीत ने किया और विशेष बैठक की अध्यक्षता सोनालाल साहू नेसंभाली।



**प्रमुख अतिथियों का मार्गदर्शन**
चुनाव प्रक्रिया में प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र साहू और जिला संयोजक लक्ष्मीकांत गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने चुनाव का पर्यवेक्षण किया और नवगठित समिति को मार्गदर्शन प्रदान किया। महेंद्र साहू ने कहा कि नई टीम समाज के उत्थान और एकजुटता में अहम भूमिका निभाएगी।

**नई कार्यकारिणी समिति**

**समाज की एकजुटता और भविष्य की दिशा :**
राघोपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों से समाज के गणमान्य व्यक्तियों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। नई कार्यकारिणी शिक्षा, सामाजिक न्याय और समाज कल्याण के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए तैयार है। यह कदम तैलिक साहू समाज की एकजुटता और प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा।

अशोक कुमार साह के अध्यक्ष बनने के साथ ही रामेश्वर प्रसाद उपाध्यक्ष, सुरेश कुमार गुप्ता सचिव और मोहनलाल साह कोषाध्यक्ष चुने गए। समिति में कुल 21 सदस्य शामिल हैं, जो विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। लक्ष्मीकांत गुप्ता ने इसे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने वाला कदम बताया।

# तीन शराब पियक्कड़ युवक गिरफ्तार, जेल

**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

पुलिस ने गुप्त सूचन पर गुरुवार की रात थाना क्षेत्र के बांस चौक से शराब पीकर हंगामा कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया हैं कि अवर निरीक्षक राजेश्वर कुमार गुरुवार की रात गश्ती कर रहे थे। उसी समय सूचना मिली कि बांस चौक के पास तीन युवक शरिब के नशे में हंगामा कर रहे हैं। सूचना पाते हीं अनि श्री कुमार बांस चौक पहूंचकर नशे की हालत में हंगामा कर रहे तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर तीनों



राघोपुर थाना क्षेत्र के फिंगलास गांव के परमेश्वर शर्मा, मनोज कुमार शर्मा और संगीत कुमार शर्मा निकले। ब्रेथ इंलाईजर से जांच कराने पर तीनों में शराब सेवन की पुष्टि होने पर उन्हें गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जिनके विरूध शराब पीने का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## हंसवाहिनी विद्यासागर विद्यालय के बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान, दिया साफ-सुथरे समाज का संदेश



**न्यूज स्केल निर्मली**

अनुमंडल स्थित हंसवाहिनी विद्यासागर विद्यालय में शुक्रवार को छात्रों ने स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को साफ-सफाई का संदेश दिया। बच्चों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई कर कचरा हटाया और लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया। संस्थापक राम प्रकाश साह ने कहा कि स्वच्छता केवल विद्यालय तक सीमित नहीं, बल्कि यह हमारी दिनचर्या का अहम हिस्सा होना चाहिए। अभियान में शिक्षक और कर्मचारी भी सक्रिय रहे। शिक्षिका रुखसार आरजू ने बताया कि ऐसे प्रयास बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति सजगता बढ़ाते हैं। शिक्षक सूरज पाण्डेय, सुमित कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## कोशी तटबंध के भीतर के बाढ़ कटाव पीड़ितों ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना

# कटाव पीड़ितों को पुनर्वास या सरकारी जमीन में बसाने, बाढ़ घोषित कराने सहित 17 सूत्रीय मांगों को लेकर कोशी नव निर्माण मंच का धरना सम्पन्न।

**न्यूज स्केल सुपौल**

सुपौल में कोशी नव निर्माण मंच द्वारा डिग्री कॉलेज चौक पर बाढ़ कटाव पीड़ितों के लिए एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया। धरना स्थल से 17 सूत्रीय मांग पत्र एडीएम के माध्यम से डीएम को सौंपा गया। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 7 अक्टूबर से मुंगरार घाट पर अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया।

**पीड़ितों ने साझा की आपबीती**
धरना कार्यक्रम में लालगंज, बेला गोठ, खोखनहा, पंचगछिया,





बौराहा, मानिकपुर, हासा, सिकरहटा, सियानी, निर्मली, बलवा, सुकुमारपुर, बगहा, मुसहरनिया, दिघीया सहित कई गांवों के लोग शामिल हुए। उन्होंने बाढ़ में अपने घरों के कटने और बेघर होने का दर्द साझा किया। 2024 की बाढ़ में महादलितों के घरों के कटने के बाद आज तक गृह क्षति न मिलने और पानी भरे रास्तों की समस्या का जिक्र किया।

**कार्यक्रम की रूपरेखा**

**मुख्य मांगें** : पीड़ितों ने बाढ़ प्रभावित गांवों को बाढ़ घोषित करने, कटाव पीड़ितों को सरकारी जमीन या पुनर्वास स्थल पर बसाने, गृह क्षति सहित अन्य क्षतिपूर्ति दिलाने, तटबंध के भीतर और पुनर्वास से वंचित लोगों का सर्वे कर पुनर्वास कराने, लगान मुक्ति, कोशी के छाडन धाराओं का पुनर्जीवित करने और होल्डिंग टैक्स माफी जैसी 17 सूत्रीय मांगें रखीं।

धरना का संचालन परिषदीय अध्यक्ष इंद्र नारायण सिंह ने किया। अध्यक्षता आलोक राय, राजेश मंडल, राजेंद्र यादव, अरविंद मेहता और कमलवती ने संयुक्त रूप से की। धन्यवाद ज्ञापन धर्मेन्द्र कुमार ने किया। उमेश पासवान, चंद्रमोहन यादव, प्रिय कुमार, विशनदेव सदा, फुदय मुखिया, चन्नू, रामचंद्र यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# एस एस बी सीमा चौकी सतना ने किया मानव तस्करी की कोशिश को नाकाम

**न्यूज स्केल सुपौल**

45वी वाहिनी एस.एस.बी. की सीमा चौकी सतना ने चेकिंग ड्यूटी के दौरान दो लड़की को संभावित मानव तस्करी के प्रयास से बचाव किया।

जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सीमा चौकी सतना के जिम्मेवारी क्षेत्र में भारत नेपाल सीमा पर सीमा स्तंभ संख्या 202/3 के समीप चेकिंग ड्यूटी के दौरान तैनात एसएसबी जवानों ने देखा दो व्यक्ति के द्वारा नेपाल से भारत प्रभाग में ले जा रही युवती को संदिग्ध आधार पर रोक कर पूछताछ की।पाया गया कि 16 तथा 19 वर्षीय युवती को दो व्यक्ति जो ग्राम – देवानगंज, जिला- सुनसरी, नेपाल निवासी के साथ बहला फुसला कर गलत मनसूबे से घर वालों को बिना सूचित किए नेपाल से भारत ले जा रहे थे। परिस्थिति को देखते हुए एसएसबी द्वारा मानव तस्कर रोधी इकाई की उपस्थिति में आवश्यक कार्यवाही की गई एवं पकड़े गए व्यक्ति तथा युवती को आवश्यक कार्यवाही के बाद व्यक्ति एवं युवती दोनों को थाना भीमनगर के मौजूदगी में नेपाल प्रहरी व एनजीओ कोकन नेपाल को सुपुर्द कर दिया गया।

इस दौरान एसएसबी के मुख्य आरक्षी रविशेखर तथा अन्य जवान और मानव तस्कर रोधी इकाई से उप निरीक्षक भावना एवं अन्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने दरभंगा में 3463.2 करोड़ रुपये लागत की कुल 97 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास, लाभुकों से किया संवाद

**दरभंगा,** (हि.स.)।

**01: पेंशनधारियों और लाभुकों के साथ संवाद**

**02: बिजली राहत और विकास कार्यों में सहयोग**

**03: जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री की बातें**

**04: मिथिला संस्थान का भूमि-पूजन और अवलोकन**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान, दरभंगा के परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 3463.2 करोड़ रुपये लागत की कुल 97 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण किया। इनमें 96.47 करोड़ रुपये की लागत से 36 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं 3366.73 करोड़ रुपये की लागत से 61 योजनाओं का शिलान्यास शामिल था। इन योजनाओं में जिले के विकास को गति देने वाले प्रगति यात्रा के दौरान घोषित अन्य योजनाएँ भी शामिल हैं। इनसे स्थानीय जनता के जीवन स्तर में सुधार और विकास कार्यों में नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन और लाभुकों से संवाद** : कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं की पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गई है। गृह रक्षकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं, विद्यालय रात्री प्रहरी, किसान सलाहकारों और आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में भी वृद्धि की गई है।

**उपभोक्ताओं के लिए बिजली राहत और विकास कार्यों में सहयोग** : मुख्यमंत्री ने घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध कराने की योजना का उल्लेख किया। लाभुकों ने इसे लेकर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और बताया कि इससे होने वाली बचत राशि का उपयोग अन्य विकास कार्यों में किया जा रहा है। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के विकास कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

**जनता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री की बातें** : मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग अच्छे से मिल-जुलकर रहें और बिहार के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने जीविका दीदियों से कहा कि उनका काम सराहनीय है और वे पूरी बुलंदी के साथ इसे जारी रखें। सरकार हरसंभव मदद करेगी।

**मिथिला संस्थान का भूमि-पूजन और अवलोकन** : इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने संस्थान के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने प्रशासनिक भवन में पांडुलिपियों का अवलोकन किया और संस्थान को एनएच-77 से जोड़ने के लिए प्रशासनिक पथ का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

**मुख्य लाभ और अपेक्षित विकास प्रभाव :** इन योजनाओं के क्रियान्वयन से दरभंगा जिले में व्यापक विकास होगा, स्थानीय जीवन स्तर में सुधार आएगा और जनता को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। साथ ही संस्थान के माध्यम से सांस्कृतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद है।





## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के खातों में राशि अंतरण

**समस्तीपुर** (हि.स.)। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत समस्तीपुर जिला की महिलाओं के खातों में राशि अंतरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में राशि अंतरण प्रक्रिया की शुरुआत की। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहे।

समाहरणालय स्थित कपूरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री महेश्वर हज़ारी, जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, उप विकास आयुक्त शैलजा पांडे, नगर आयुक्त एवं नगर परिषद अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाएं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुईं। इस मौके पर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बताया कि प्रत्येक परिवार की एक महिला सदस्य को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना के तहत प्रारंभिक चरण में प्रत्येक लाभार्थी को 10,000 की राशि बैंक खाते में दी जा रही है। आगे व्यवसाय की प्रगति एवं आकलन उपरांत आवश्यकता अनुसार 2 लाख तक की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं इस योजना से प्राप्त राशि से स्वयं का रोजगार एवं स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बनेंगी। इससे महिलाओं को अपनी आय का साधन सृजित करने के साथ गरिमा के साथ जीवन जीने में मदद मिलेगी। जीविका की बीपीएम ने बताया कि समस्तीपुर जिले में अब तक लगभग 4 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज जिले की कुल 3,68,084 महिलाओं को ₹368 करोड़ 80 लाख की राशि अंतरण की गई। ग्रामीण क्षेत्र : 3,48,084 महिलाएं शहरी क्षेत्र : 20,000 महिलाएं इस अवसर पर जिले के सभी 20 प्रखंडों, 69 संकुल स्तरीय संघों और 3445 ग्राम संगठनों में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें कुल 4,20,975 महिलाएँ शामिल हुईं। महिलाओं के बीच योजना के प्रचार-प्रसार हेतु पंचायत स्तर पर जागरूकता वाहन, ऑडियो-वीडियो फिल्म, स्क्रीनिंग आदि के माध्यम से लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।





## औचक निरीक्षण में एस डी एम ने हेडमास्टर का किया वेतन बंद

**नालंदा, बिहारशरीफ,** (हि.स.)। अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ ने रहुई प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, मादाचक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विद्यालय में कुल 59 नामांकित बच्चों में से 37 बच्चों की उपस्थिति पंजी में दर्ज थी, लेकिन केवल 24 बच्चे ही वास्तविक रूप से उपस्थित पाए गए। विद्यालय में एक भी बेंच नहीं थी। रसोई निरीक्षण में पाया गया कि गैस चूल्हे पर खाना नहीं बनाया जा रहा था और पूरे रसोई में जलावन रखा हुआ था। अनुमंडल पदाधिकारी ने बनाए गए मध्याहन भोजन का स्वयं स्वाद चखा और गुणवत्ता खराब पाई। स्टॉक रजिस्टर भी संधारित नहीं था। प्रधानाध्यापक ने बताया कि पूर्व प्रभारी द्वारा प्रभार नहीं सौंपा गया, जिसके कारण स्टॉक पंजी तैयार नहीं की जा सकी। निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर प्रधानाध्यापक श्री राजीव रंजन, श्री कुमार निरंजन, शिक्षक और एमडीएम प्रभारी श्री मुकेश कुमार से स्पष्टीकरण लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने अगले आदेश तक उनका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया।



# हाटी (हरलाखी) विधानसभा 2025 : जातीय समीकरण, मुद्दे और संभावित प्रत्याशियों का गहन चुनावी अध्ययन

**मधुबनी** (हि.स.) मधुबनी जिले की हरलाखी विधानसभा सीट नेपाल सीमा से सटी होने के कारण हमेशा से राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील रही है। 2011 की जनगणना और स्थानीय विश्लेषण के अनुसार, क्षेत्र में लगभग 80% हिंदू और 18–20% मुस्लिम मतदाता हैं। यादव, ब्राह्मण, भूमिहार और अन्य सवर्ण वर्ग प्रभावशाली हैं, जबकि अनुसूचित जाति का हिस्सा 11–13% और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) भी महत्वपूर्ण है। महिलाओं की साक्षरता दर लगभग 42% और पुरुषों की 68% है। यह मिश्रित सामाजिक परिदृश्य किसी भी दल के लिए चुनावी रणनीति को चुनौतीपूर्ण बनाता है।





**क्षेत्रीय स्थानीय मुद्दे :** हरलाखी के चुनाव में स्थानीय मुद्दे निर्णायक भूमिका निभाते हैं। मुख्य समस्याओं में नेपाल सीमा से तस्करी, ग्रामीण सड़कें, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कमी, बाढ़ और जलजमाव, महिला साक्षरता में कमी, सरकारी स्कूलों की स्थिति और युवाओं का पलायन शामिल हैं। ये मुद्दे वोटरों के निर्णय को सीधे प्रभावित करते हैं।

**2025 संभावित प्रत्याशी और बहुकोणीय मुकाबला** : इस बार चुनाव में जदयू के सुधांशु शेखर, भाजपा, कांग्रेस, राजद, जन सुराज और राष्ट्रीय लोक मोर्चा समेत कई दावेदार मैदान में हैं। यह बहुकोणीय मुकाबला बड़े दलों के साथ-साथ छोटे और उभरते दलों को भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर देता है।

**पिछले चुनावों के परिणाम और स्विंग सीट का विश्लेषण**

2020 में जदयू के सुधांशु शेखर ने लगभग 60,393 वोटों से जीत हासिल की थी, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सीपीआई के राम नरेश पांडे को 42,800 वोट मिले। जीत का अंतर करीब 17,500 वोट रहा। 2015 में बीएलएसपी के बसंत कुमार ने कांग्रेस के मोहम्मद शब्बीर को 3,900 वोटों से हराया था। इससे स्पष्ट है कि हरलाखी स्थायी राजनीतिक वफादारी की सीट नहीं है और यह पूर्णतः स्विंग सीट मानी जाती है।

**चुनावी रणनीति और परिणाम की संभावना** : हरलाखी में 2025 का चुनाव केवल पार्टी लहर पर नहीं, बल्कि उम्मीदवार की छवि, जातीय समीकरण और सीमावर्ती समस्याओं पर समाधान प्रस्तुत करने पर निर्भर करेगा। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और सीमा सुरक्षा पर स्पष्ट योजना प्रस्तुत करने वाला दल जनता का भरोसा जीतने में अग्रणी रहेगा। एनडीए को अपनी जीत दोहराने के लिए तालमेल बनाए रखना होगा, जबकि राजद–कांग्रेस को मुस्लिम–यादव समीकरण को सवर्ण और दलित मतदाताओं तक फैलाना होगा।

इस तरह, हरलाखी विधानसभा सीट की राजनीति जातीय संतुलन, स्थानीय मुद्दों और विकास योजनाओं के इर्द-गिर्द केंद्रित रहेगी।

## एम व एस पी के संयुक्त रूप से किया बज्रगृह केंद्र का स्थलीय निरीक्षण



**नालंदा,** (हि.स.)।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, नालंदा ने नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के मतगणना-सह-बज्रगृह केंद्र का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सात विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुरक्षित मतगणना सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। पोल्ड ईवीएम रिसीविंग, जनरेटर, सीसीटीवी, वाई-फाई, एयर कंडीशन, पंखा, वाटर प्रूफ पंडाल, पेयजल, शौचालय और सफाई जैसी व्यवस्थाओं को समय पर तैयार रखने पर बल दिया गया। प्रवेश-निकास द्वार चिन्हित करने और सभी तैयारियों की समयबद्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। इस अवसर पर नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## लैंगिक संवेदीकरण एवं समाज निर्माण में भूमिका पर कार्यशाला आयोजित

**डेहरी आन सोन,** (हिस)।

**1 शाही ने महिलाओं से व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया।**

गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार में लैंगिक संवेदीकरण एवं समाज निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सचिवालय की निदेशक एवं विशेष कार्य पदाधिकारी स्वाति शाही ने छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अपना उद्देश्य हमेशा ऊँचा रखें और खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने भारतीय संस्कृति में महिलाओं को मिले सम्मान और सुरक्षित वातावरण का उदाहरण देते हुए बताया कि सफलता के लिए लगनशीलता और अपने आशीर्वाददाताओं का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है।





**महिलाओं का समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान** : शाही ने यह भी कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के बराबर प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि केवल स्वयं के विकास पर नहीं, बल्कि समाज के विकास को भी प्राथमिकता दें। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने महिलाओं के सम्मान और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शाही का धन्यवाद किया।

**कार्यक्रम और उपस्थित**

dignitaries : कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेंद्र कुमार सिंह, प्रोत्साहित कुलाध्यक्ष प्रो. जगदीश सिंह, आईसीसी अध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा सहित अन्य विश्वविद्यालय अधिकारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक दीपाली ने किया।

## नालंदा जिले में जीविका समूह को दी गई दो करोड़ की राशि

**नालंदा, बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत राज्य की 75 लाख महिला लाभुकों को ₹10,000 प्रति लाभुक की दर से कुल ₹7,500 करोड़ का आर्थिक सहायता राशि का वितरण कार्यक्रम आर.आई.सी.सी., राजगीर में आयोजित किया। यह योजना राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए प्रारंभिक आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से संचालित है।





**वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण :** इस योजना के अंतर्गत लाभुक महिलाओं को अपनी पसंद का रोजगार शुरू करने हेतु प्रारंभिक राशि ₹10,000 दी जाती है। इसके बाद आकलन के आधार पर ₹2 लाख तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है। महिलाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे स्वावलंबी बन सकें।

**स्थानीय समूहों और सामुदायिक सहयोग : :** योजना सामुदायिक सहकारिता पर आधारित है। लाभुकों को स्थानीय स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा, जो उन्हें रोजगार चुनने और उसे शुरू करने में मदद करेंगे। राज्य में 11 लाख से अधिक सक्रिय स्वयं सहायता समूहों और 1 करोड़ 40 लाख से अधिक जीविका दीदियों की संगठनात्मक व्यवस्था इसका समर्थन करेगी।

**उत्पादन और विपणन सुविधाएँ : :** प्रशिक्षण और उत्पादन सहयोग के साथ-साथ महिलाओं के उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से शहर तक हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और राज्य एवं देश के आर्थिक विकास को सशक्त बनाना है। नालंदा जिले में जीविका समूह में कुल 2,23,873 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2,03,134 आवेदन स्वीकृत किए गए और लाभुकों को ₹2,03,13,40,000 का आर्थिक सहायता राशि का वितरण किया गया।

संपूर्ण हिंदी साप्ताहिक
न्यूज़ स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# भारत के आसमान पर 62 साल तक राज करने के बाद मिग-21 विमान की हवाई बेड़े से विदाई

## अब वायु सेना की नयी ताकत बनेंगे स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान 'तेजस'



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय वायु सेना ने आज 62 साल तक सेवा देने वाले सुपरसोनिक मिग-21 विमान को अपने हवाई बेड़े से विदाई दे दी। चंडीगढ़ एयरबेस से इसकी अंतिम उड़ान के बाद अब इसकी जगह स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1ए को वायु सेना में शामिल किया जाएगा। भारतीय वायु सेना में मार्च 1963 में शामिल मिग-21 ने देश की सेवा में 50 वर्षों तक योगदान दिया। हालांकि, 1970 के बाद सुरक्षा समस्याओं के कारण यह विमान कई दुर्घटनाओं का शिकार रहा। 1966 से 1984 के बीच 840 विमानों में से लगभग आधे दुर्घटनाग्रस्त हुए, जिनमें 170 से अधिक पायलट और 40 नागरिकों की मौत हुई। लगातार दुर्घटनाओं के कारण इसे 'उड़ता ताबूत' भी कहा गया। मिग-21 को बाद में अपग्रेड कर मिग-21 बाइसन बनाया गया, जिसमें कई तकनीकी कमियों को दूर किया गया। रूसी कंपनी ने भारतीय वायु सेना के पास बचे 54 विमानों को भी बाइसन वेरिएंट में अपग्रेड किया। मिग-21 ने हर बड़े सैन्य अभियान में भाग लिया, 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में दुश्मन को परास्त किया और कारगिल युद्ध में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिग-21 की यादगार उड़ानों में 27 फरवरी, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान की कार्रवाई भी शामिल है। इस विमान ने भारतीय वायु सेना की मारक क्षमता को मजबूत किया और हजारों पायलट तैयार किए। मिग-21 के सेवानिवृत्त होने के बाद वायु सेना में 29 स्क्वाड्रन बचेंगी। केंद्र सरकार ने 25 सितंबर को 97 तेजस मार्क-1ए विमानों का ऑर्डर एचएएल को दिया है। भविष्य में तेजस एमके-1 और एमके-2 नई स्क्वाड्रन की कमी को पूरा करेंगे और मिग-21 की विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

## सात्विक ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, पहले दिन ही 5 प्रतिशत से अधिक का नुकसान




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। सोलर मॉड्यूल निर्माता सात्विक ग्रीन एनर्जी का आईपीओ स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत के साथ निवेशकों के लिए निराशाजनक साबित हुआ। कंपनी ने शेयर 465 रुपये के भाव पर जारी किए थे, लेकिन बीएसई पर 460 रुपये और एनएसई पर 465 रुपये पर लिस्टिंग हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में शेयर 427.10 रुपये तक गिर गया। बाद में लिवाली के समर्थन से यह 439.70 रुपये पर बंद हुआ। पहले दिन निवेशकों को 5.44 प्रतिशत का नुकसान हुआ।

**कंपनी की वित्तीय स्थिति** वित्त वर्ष 2022-23 में सात्विक ग्रीन एनर्जी को 4.75 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ, जो 2024-25 में 213.93 करोड़ रुपये तक बढ़ गया। इस दौरान राजस्व 2,192.47 करोड़ रुपये तक पहुंचा। कर्ज 144.49 करोड़ रुपये से बढ़कर 458.10 करोड़ रुपये और रिजर्व एवं सरप्लस 16.89 करोड़ रुपये से 458.10 करोड़ रुपये हो गया।

**आईपीओ सब्सक्रिप्शन और निवेशकों की रुचि :**

कंपनी का 900 करोड़ रुपये का आईपीओ 19 से 23 सितंबर के बीच खुला और इसे ओवरऑल 6.93 गुना सब्सक्राइब किया गया। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए 11.41 गुना, नॉन इंस्टीट्यूशनल निवेशकों के लिए 10.57 गुना, रिटेल निवेशकों के लिए 2.81 गुना और कर्मचारियों के लिए 5.59 गुना सब्सक्रिप्शन हुआ। आईपीओ से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल ओडिशा में 4 गीगावाट सोलर पीवी फैसिलिटी लगाने, कर्ज चुकाने और कॉरपोरेट उद्देश्यों में किया जाएगा।

## ट्रंप के टैरिफ बम के कारण शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों के 6.60 लाख करोड़ स्वाहा

### लगातार छठे कारोबारी दिन कमजोरी के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ, आईटी सेक्टर में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में लगातार छठे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 0.90 प्रतिशत टूटकर 80,426.46 अंक और निफ्टी 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,654.70 अंक पर बंद हुए।

**बाजार की स्थिति :** फार्मास्यूटिकल, आईटी, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयर सबसे अधिक प्रभावित रहे। मिडकैप इंडेक्स 1.96 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 2.05 प्रतिशत टूटे।

**निवेशकों का नुकसान** बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 450.75 लाख करोड़ रुपये हो गया, निवेशकों को करीब 6.60 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

**ट्रेडिंग आंकड़े :** बीएसई में 4,280 शेयरों में 3,064 गिरावट में और 1,073 बढ़त में रहे। निफ्टी के 50 शेयरों में 43 लाल निशान में बंद हुए।

**शीर्ष गेनर्स और लूजर्स :** लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, आईटीसी टॉप गेनर्स रहे, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक और टाटा स्टील टॉप लूजर्स में शामिल हुए।

## ईएसआईसी योजना से जुलाई महीने में जुड़े 20.36 लाख नए कर्मचारी




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की ईएसआई योजना के तहत जुलाई में 20.36 लाख नए कर्मचारी शामिल हुए, जो जून के 19.37 लाख से 4.86 फीसदी अधिक है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इसमें 48.37 फीसदी कर्मचारी 25 वर्ष से कम आयु के युवा हैं। ईएसआईसी के पेरोल आंकड़ों के अनुसार जुलाई तक 31,146 नए प्रतिष्ठानों को योजना के तहत सामाजिक सुरक्षा में लाया गया, जिससे अधिक श्रमिकों को सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

जुलाई में जोड़े गए 20.36 लाख कर्मचारियों में से 9.85 लाख 25 वर्ष तक के हैं। इसमें महिला सदस्यों की संख्या 4.33 लाख रही, जबकि 88 ट्रांसजेंडरों का भी पंजीकरण किया गया। मंत्रालय ने बताया कि ईएसआईसी स्कीम कर्मचारियों को बीमारी, मातृत्व, विकलांगता और कार्यस्थल पर चोट या मृत्यु की स्थिति में वित्तीय और चिकित्सा लाभ प्रदान करती है।

यह योजना बीमाकृत कर्मचारियों और उनके परिवारों को चिकित्सा देखभाल भी उपलब्ध कराती है। ईएसआई योजना उन कारखानों और प्रतिष्ठानों पर लागू होती है जिनमें निर्दिष्ट संख्या में कर्मचारी कार्यरत हों, साथ ही यह दुकानों, होटलों और शैक्षणिक संस्थानों पर भी लागू है। योजना का उद्देश्य कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक राहत सुनिश्चित करना है।

## भारत में युवा Gen Z के लिए बढ़ता स्वास्थ्य जोखिम



भारत में युवा पीढ़ी यानी Gen Z का स्वास्थ्य गंभीर खतरे में है। Lancet की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कैंसर, डायबिटीज और हार्ट डिजीज से मौत का खतरा बढ़ रहा है, जबकि दुनिया के कई देशों में यह घटा है। 2001 से 2019 तक पुरुषों में यह जोखिम 47% से 49% और महिलाओं में 56% से 58% तक बढ़ा। चिंता की बात है कि अब युवा भी मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और शुगर जैसी नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों की चपेट में हैं। बचाव के लिए योग और स्वस्थ जीवनचर्या अपनाना जरूरी है। सुबह जल्दी उठने के लिए नींद का समय फिक्स करें और पानी पीकर सोएं। कोलेस्ट्रॉल का स्तर उम्र अनुसार जांचें। हार्ट हेल्थ के लिए ब्लड प्रेशर महीने में, कोलेस्ट्रॉल 6 महीने में, शुगर 3 महीने में और साल में एक बार फुल बॉडी चेकअप कराएं।

## गॉलब्लैडर में स्टोन होने के 5 प्रमुख कारण



गॉलब्लैडर स्टोन या पित्ताशय की पथरी तब बनती है जब पित्त कठोर होकर थैली में जम जाता है। यह महिलाओं में खास तौर पर आम समस्या है। पित्ताशय की पथरी बनने के पीछे कई कारण हैं, जिनमें खराब लाइफस्टाइल सबसे बड़ा है। लगातार हाई फैट, तला-भुना खाना, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और कम फाइबर वाली चीजें खाने से पित्त का संतुलन बिगड़ता है और पथरी बनने का खतरा बढ़ जाता है। शराब का अत्यधिक सेवन भी लीवर में फैट जमा करता है, पेट में सूजन पैदा करता है और डिस्लिपिडेमिया जैसी समस्याएं उत्पन्न करता है, जिससे पित्ताशय में स्टोन बनने की संभावना बढ़ती है। इसके अलावा, तेजी से वजन घटाना या क्रैश डाइटिंग करना भी जोखिम बढ़ाता है क्योंकि लिवर पित्त में अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल स्त्रावित करता है। शारीरिक गतिविधि न करने वाले लोग भी अधिक प्रभावित होते हैं क्योंकि इनएक्टिव लाइफस्टाइल मेटाबॉलिज्म और पित्त के प्रवाह को धीमा कर देती है। इसके अलावा, बिना डॉक्टर की सलाह से दवाओं का सेवन—विशेषकर वजन घटाने की दवाएं, एस्ट्रोजन रिप्लेसमेंट थेरेपी और टोटल पैरेंट्रल न्यूट्रिशन—पित्ताशय की पथरी का खतरा कई गुना बढ़ा देती हैं। सही खान-पान, नियमित व्यायाम और चिकित्सक की निगरानी से इस समस्या को रोका जा सकता है और पित्ताशय को स्वस्थ रखा जा सकता है।

# राशिफल : 27 सितंबर, 2025

मेष :-रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

मिथुनः -जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

सिंहः मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

तुला : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

धनु : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

कुंभ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-4-7-9

वृषः-कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

कर्कः परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्घिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-5-7-8

कन्या : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

वृश्चिक : स्वास्थ्य और जीवनस्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9

मकर : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-4-6

मीन : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

# पंचांग : 27 सितंबर, 2025

27 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र वृश्चिक में
मंगल तुला में
बुध कन्या में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
तुला 07.21 बजे से
वृश्चिक 09.36 ब.से
धनु 11.52 बजे से
मकर 13.57 बजे से
कुंभ 15.44 बजे से
मीन 17.17 बजे से
मेष 18.47 बजे से
वृष 20.27 बजे से
मिथुन 22.25 बजे से
कर्क 00.39 बजे से
सिंह 02.55 बजे से
कन्या 05.07 बजे से

शनिवार 2025 वर्ष का 270 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947

मास आश्विन पक्ष शुक्ल

तिथि पंचमी 12.04 बजे को समाप्त।

नक्षत्र अनुराधा 01.08 बजे रात्र को समाप्त। योग प्रीति 23.46 बजे को समाप्त। करण बालव 12.04 बजे तदनन्तर कौलव 01.18 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 05.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 010 39
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872480
जूलियन दिन 2460945.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रबी उस्सानी
तारीख 04

विशेष बिल्व निमंत्रण, स्कंद षष्ठी।




# पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) के अंतर्गत पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 27 लाख से अधिक किसानों के खातों में गुरुवार को 21वीं किस्त के रूप में 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। कृषि भवन में आयोजित वर्चुअल समारोह में कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय संकट की इस घड़ी में आपदा प्रभावित राज्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। जिन नागरिकों के मकान टूट हो गए हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में आवास उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, मनरेगा में 150 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड हो या बाकी राज्य, इस संकट की घड़ी में कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय उनके साथ खड़ा है। किसान के लिए चाहे बीज का सवाल हो, पंजाब को रेपसीड और सरसों के बीज का आवंटन 32 करोड़ रु. का किया गया है। क्लस्टर रिमोंटेशन के तहत अतिरिक्त आवंटन भी करेंगे। गेहूं के बीज के लिए भी लगभग 74 करोड़ रु. अलग से दिए जाएंगे। जिन लोगों के मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं, पीएम आवास योजना में उन्हें मकान बनाने के लिए पैसा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में 1 लाख 20 हजार रुपए के अलावा टॉयलेट की राशि अलग और 90-95 दिन की मनरेगा की राशि भी दी जाएगी। वहां के मजदूर भाई-बहनों को अगर रोजगार की जरूरत होगी तो मनरेगा में 100 दिन सालभर में रोजगार दिया जाता है, जिसे इन बाढ़ पीड़ित राज्यों में बढ़ाकर 150 दिन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पैकेज की घोषणा की है और उसी का एक हिस्सा है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि समय पूर्व किसानों के खाते में डालना, ताकि उसका उपयोग प्राकृतिक आपदा से पीड़ित किसान खेती या अन्य कामों के लिए कर सकें। पंजाब के लगभग 11 लाख 10 हजार किसानों को करीब 222 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के 8 लाख से ज्यादा किसानों को 160 करोड़ रुपये से अधिक तथा उत्तराखंड के लगभग 7.90 लाख किसानों को करीब 158 करोड़ रुपये की राशि पीएम-किसान की किस्त के रूप में उनके खातों में हस्तांतरित की गई हैं। इस राशि को मिलाकर पीएम-किसान योजना के अंतर्गत इन तीनों राज्यों के किसानों को अभी तक कुल 13,626 करोड़ रु. दिए जा चुके हैं। इस अवसर पर कृषि भवन में केंद्रीय कृषि सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, वहीं तीनों राज्यों के कृषि मंत्री और उच्चाधिकारी वर्चुअल जुड़े थे।

# भारतीय विद्या भवन और रूस के ऋषि वशिष्ठ संस्थान के बीच सांस्कृतिक सहयोग को लेकर समझौता

## आरवीआई ने भारतीय दर्शन और संस्कृत भाषा के प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाई

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

» **आरवीआई ने भारतीय दर्शन और संस्कृत भाषा के प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाई।**

------------------

» **समारोह में भारत और रूस के प्रमुख सांस्कृतिक प्रतिनिधि उपस्थित।**

------------------




भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक और शैक्षणिक सहयोग को प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से भारतीय विद्या भवन और मॉस्को स्थित ऋषि वशिष्ठ संस्थान (आरवीआई) के बीच शुक्रवार को नई दिल्ली में समझौता हुआ। इस अवसर पर भारतीय विद्या भवन के निदेशक के. शिवा प्रसाद और आरवीआई के निदेशक दिमित्री माक्साकोव ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**रूसी संस्करण का अनावरण** समारोह में ऋषि वशिष्ठ पुस्तक के रूसी संस्करण का भी अनावरण किया गया। यह पुस्तक भगवान राम और ऋषि वशिष्ठ के बीच हुए आध्यात्मिक संवाद का वर्णन करती है। इसे आरवीआई के विद्या प्रकाशन ने प्रकाशित किया है।

**समारोह में प्रमुख अतिथि और समर्थन** : भारतीय विद्या भवन के उपाध्यक्ष बनवारी लाल पुरोहित ने आरवीआई को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया और इस कार्यक्रम को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से जोड़ा। समारोह में नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के संस्कृति, शिक्षा और खेल मामलों के अपर सचिव मिखाईल अंतसिफरोव, महामंडलेश्वर शाध्धा माता गिरी और महामंडलेश्वर चेतना माता गिरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**भारतीय दर्शन और संस्कृति की प्रशंसा** : भारतीय विद्या भवन के निदेशक शिवा प्रसाद ने आरवीआई की संस्कृत और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों की सराहना की। रूस के स्वामी विष्णुदेवानंद गिरिजी महाराज ने भारतीय दर्शनशास्त्र की पश्चिमी दर्शनशास्त्र से श्रेष्ठता बताते हुए लोगों से अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने का आह्वान किया।

# गर्भवती सोनाली को बांग्लादेश भेजने का फैसला रद्द, चार हफ्ते में भारत लाने का आदेश



**कोलकाता,** (हि.स.)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बीरभूम की गर्भवती सोनाली बीबी को बांग्लादेश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले को खारिज कर दिया है। अदालत ने केंद्र को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सोनाली को उनके पति और 8 वर्षीय पुत्र के साथ चार सप्ताह के भीतर भारत वापस लाया जाए। केंद्र ने इस आदेश को स्थगित करने की मांग की थी, लेकिन अदालत ने वह याचिका भी नामंजूर कर दी।

सोनाली बीबी को उनके परिवार सहित "बांग्लादेशी नागरिक" बताकर जून माह में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें और अन्य चार लोगों को बांग्लादेश भेज दिया गया, जहां चपाइनवाबगंज जिले में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस घटना के बाद मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा, जिसने उच्च न्यायालय को शीघ्र सुनवाई का निर्देश दिया था।

शुक्रवार को न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति ऋत्व्रत कुमार मित्रा की डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि सोनाली और उनके परिवार को बांग्लादेश भेजना गलत कदम था। अदालत ने केंद्र को तुरंत कार्रवाई कर उन्हें वापस लाने का आदेश दिया।

सोनाली मूल रूप से बीरभूम जिले के पाईकर की निवासी हैं। वह लंबे समय से अपने पति दानिश शेख और 8 वर्षीय पुत्र के साथ दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-26 में रह रही थीं। सोनाली करीब 20 वर्षों से राजधानी में कबाड़ बीनने और घरेलू कामकाज करके परिवार का भरण-पोषण कर रही थीं।

सोनाली के वकीलों ने अदालत में जमीन के दस्तावेज, पिता और दादा के मतदाता पहचान पत्र तथा बेटे का जन्म प्रमाण पत्र पेश कर यह साबित किया कि परिवार भारतीय है, न कि बांग्लादेशी। हालांकि दिल्ली पुलिस का कहना था कि सोनाली की नागरिकता संदिग्ध है और इस बारे में बांग्लादेश सरकार की राय मांगी गई थी, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं आया।

अब अदालत के आदेश के बाद केंद्र सरकार को चार हफ्ते की समय सीमा में सोनाली बीबी और उनके परिवार को भारत वापस लाना अनिवार्य होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने दीपावली के मौके पर दिल्ली में हरित पटाखों के निर्माण की अनुमति दी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**01: स्वास्थ्य और प्रदूषण: कोर्ट ने स्वास्थ्य का अधिकार (अनुच्छेद 21) के तहत प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का अधिकार रेखांकित किया।**

------------------

**02 : पूर्व आदेश और चेतावनी: दिल्ली-एनसीआर में पहले से पटाखों पर रोक थी; न्यायालय ने राज्यों को इसका पालन करने और आदेश का उल्लंघन होने पर अवमानना कार्रवाई की चेतावनी दी थी।**

------------------



उच्चतम न्यायालय ने दीपावली के मौके पर दिल्ली में ग्रीन पटाखों के निर्माण की अनुमति दे दी है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने अपने आदेश में साफ किया कि इन ग्रीन पटाखों को दिल्ली और उससे सटे एनसीआर के इलाकों में नहीं बेचा जा सकता है।

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा कि इस मामले में सभी पक्षों से मशविरा कर एक संतुलित नीति बनाएं। न्यायालय ने कहा कि हमने पहले पटाखों पर प्रतिबन्ध लगाया था, लेकिन उस पर ठीक से अमल नहीं किया जा सका।

इससे पहले 12 सितंबर को पटाखों पर रोक के मामले पर उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि दिल्ली-एनसीआर तक हीरोक क्यों हो, पूरे देश में क्यों नहीं। न्यायालय ने कहा था कि अगर दिल्ली-एनसीआर के शहरों को स्वच्छ हवा का हक है, तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं। उन्होंने कहा था कि प्रदूषण से निपटने के लिए एक नीति पूरे देश के लिए होनी चाहिए। न्यायालय ने कहा कि स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का एक अनिवार्य हिस्सा है। इस अधिकार में प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का अधिकार भी शामिल है। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में 6 मई को पटाखों पर रोक जारी रखते हुए यूपी, राजस्थान और हरियाणा को निर्देश दिया था कि वो दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगी रोक को लागू करे। कोर्ट ने चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर उसके आदेश को लागू नहीं किया गया, तो अवमानना की कार्रवाई शुरु की जाएगी।

इसके पहले 3 अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर पूरी तरह से लगाए गए प्रतिबंध को सही ठहराया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब तक ये साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से ना के बराबर प्रदूषण होता है, तब तक बैन के पुराने आदेश में बदलाव का कोई औचित्य नजर नहीं आता।

# रायपुर में पहचान छुपाकर किराये के घर पर रह रहे नक्सली पति-पत्नी गिरफ्तार





**रायपुर,** (हि.स.)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस और नक्सल विरोधी दस्ते (डीव्हीसीएम टीम) को बड़ी सफलता मिली है। माओवादी संगठन से जुड़े पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों फर्जी आईडी प्रूफ पर रह रहे थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार नक्सल पति-पत्नी का नाम जग्गू उर्फ रमेश कुरसम (28) और कमला कुरसम (27) है। मूल रूप से बीजापुर के रहने वाले हैं। इनको चंगोराभाठा से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की अबतक की जांच में सामने आया है कि दोनों माओवादी संगठन में एक्टिव रूप से जुड़े हुए थे। पुलिस टीम आरोपित पुरुष नक्सली से पूछताछ कर रही है। इन अर्बन नक्सलियों ने इलाज के नाम पर घर किराये पर लिया था। कमला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# भारत का आतंकवाद के दोहरे मानदंड पर प्रहार



## -जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र पर जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में सुनाई खरी-खोटी

**न्यूयॉर्क (अमेरिका),** (हि.स.)। भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद पर दोहरे मानदंड अपनाने वाले राष्ट्रों को नसीहत दी। हालांकि उन्होंने इस संदर्भ में किसी का भी नाम नहीं लिया। जयशंकर ने आतंकवाद पर जमकर प्रहार किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के अवसर पर आयोजित इस बैठक की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका ने की।

जयशंकर ने कहा, " राजनीतिक और आर्थिक रूप से अस्थिर अंतरराष्ट्रीय स्थिति में जी-20 सदस्यों की विशेष जिम्मेदारी है कि वे इसकी स्थिरता को मजबूत करें और इसे और अधिक सकारात्मक दिशा दें।" उन्होंने कहा कि आतंकवाद विकास के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दुनिया आतंकवाद के प्रति न तो सहिष्णुता दिखाए और न ही सहयोग दे। जयशंकर ने कहा कि जो लोग किसी भी मोर्चे पर आतंकियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हैं, वे समग्र रूप से अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बड़ी सेवा करते हैं। विदेशमंत्री जयशंकर ने इसके अलावा ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज की बदलती दुनिया को ग्लोबल वर्क फोर्स की जरूरत है। कोई इस हकीकत को नकार नहीं सकता कि राष्ट्रीय जनसांख्यिकी के कारण कई देशों में ग्लोबल वर्क फोर्स की मांग पूरी नहीं हो पाती। जयशंकर की यह टिप्पणी व्यापार और टैरिफ चुनौतियों के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इमिग्रेशन पर सख्त रुख के बीच आई है, जिसमें एच-1बी वीजा पर 1,00,000 डॉलर का नया शुल्क शामिल है। विदेशमंत्री ने कहा कि पिछले तीन-चार साल में दुनिया आपूर्ति शृंखला और उत्पादन के स्रोतों को लेकर चिंतित थी। अब हमें बाजार तक पहुंच की अनिश्चितता से भी खुद को बचाना होगा।

## बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट का खारान में सुरक्षा बलों के केंद्रीय शिविर पर हमला, सोराब में हथियार और वाहन छीने

**क्वेटा (बलोचिस्तान),** (हि.स.)। बलोचिस्तान के खारान शहर में पाकिस्तान सुरक्षा बलों के केंद्रीय शिविर पर गुरुवार को बड़ा हमला हुआ। द बलोचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार इस हमले की जिम्मेदारी बलोचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने ली है। प्रवक्ता मेजर घोरम बलोच ने दावा किया कि लड़ाकों ने आधुनिक हथियारों और ग्रेनेड लांचरों से हमला कर सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

**सोराब में सरकारी कर्मचारी बंधक :** इसी बीच सोराब के तारिकी डैम इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने सीमा शुल्क विभाग के कर्मचारियों को बंधक बनाकर उनके हथियार और वाहन छीन लिए। रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावरों ने लेवी और कस्टम चेक पोस्टों पर भी धावा बोलकर हथियार और रसद सामग्री लूट ली। इस घटना की जिम्मेदारी अभी तक किसी संगठन ने नहीं ली है।



**जुबैर बलोच को सुपुर्द-ए-खाक :** दलबंदिन क्षेत्र में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मारे गए पूर्व छात्र नेता और वकील जुबैर बलोच का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव मस्तुंग में किया गया। जनाजे में छात्र संगठनों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के नेताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बलोचिस्तान बार काउंसिल ने उनकी हत्या के विरोध में पांच दिन तक अदालतों का बहिष्कार करने की घोषणा की है।

## डेमोक्रेट्स शटडाउन पर ट्रंप से दो-दो हाथ करने को तैयार

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। वाशिंगटन में संघीय शटडाउन की आहट से अमेरिकी राजनीति गरमाई हुई है। डेमोक्रेट्स का मानना है कि सबसे बड़ी गलती ट्रंप से हारना नहीं, बल्कि लड़ाई से पीछे हटना होगा। इंडिविजिबल समूह की निदेशक लीह ग्रीनबर्ग ने कहा कि हालात बेहद खतरनाक हो चुके हैं और अब जवाबी कार्रवाई ही विकल्प है।

**स्वास्थ्य सेवा और नीतिगत टकराव :** सीनेट अल्पसंख्यक नेता चक शूमर और हाउस लीडर हकीम जेफ्रीज ने रिपब्लिकन दबाव का मुकाबला करने का ऐलान किया है। समर्थक चाहते हैं कि पार्टी ओबामाकेयर सब्सिडी



और मेडिकेड कटौती पर समझौता न करे। विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप का खर्च रोकने का तरीका 1974 के इंपाउंडमेंट कंट्रोल एक्ट के खिलाफ है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

**रणनीति पर विभाजन** सीनेटर क्रिस मर्फी का मानना है कि डेमोक्रेट्स को ट्रंप के खिलाफ अधिक टकरावपूर्ण रणनीति अपनानी चाहिए। वहीं रणनीतिकार रेबेका काट्ज़ कहती हैं कि मतदाता बजट बहस को लेकर उत्साहित नहीं, लेकिन वे सख्त जवाबी रुख देखना चाहते हैं। नेब्रास्का की डेमोक्रेटिक अध्यक्ष जेन क्लीब ने कहा कि यह हालात 2018-2019 के "ट्रंप शटडाउन" की याद दिला रहे हैं, जो इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन था।

### ट्रंप से बातचीत नाकाम

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक नेताओं से बातचीत करने से इनकार कर दिया है। बजट निदेशक रस वॉट ने चेतावनी दी है कि रिपब्लिकन विधेयक स्वीकार न करने पर हजारों संघीय कर्मचारी नौकरी गंवा सकते हैं। इस आक्रामक रुख ने डेमोक्रेटिक सांसदों को दुविधा में डाल दिया है।

### बुलेटिन बॉक्स

» अमेरिका में सरकारी शटडाउन की आहट के बीच डेमोक्रेट्स और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच कड़ी राजनीतिक टकराव जारी।

-------------------

» नेपाल की कैबिनेट ने पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली और शेर बहादुर देउवा सहित कई पूर्व मंत्रियों का पासपोर्ट निलंबित किया।

-------------------

» पाकिस्तान के बलोचिस्तान में सुरक्षा बलों के शिविर पर बड़ा हमला, जान-माल की क्षति की पुष्टि नहीं।

-------------------

» अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के मानसिक स्वास्थ्य और पुरानी बीमारियों पर राजनीतिक घोषणापत्र को अस्वीकार किया।

## अमेरिका को पुरानी बीमारियों पर संयुक्त राष्ट्र का घोषणापत्र अस्वीकार

**न्यूयॉर्क (अमेरिका),** (हि.स.)। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक घोषणापत्र को अस्वीकार कर दिया, जो पुरानी बीमारियों और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। ट्रंप प्रशासन ने इसकी भाषा और दृष्टिकोण पर आपत्ति जताई। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा सचिव रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप देश में पुरानी बीमारियों की महामारी को हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यह घोषणापत्र "संयुक्त राष्ट्र की उचित भूमिका से आगे बढ़कर स्वास्थ्य मुद्दों की अनदेखी करता है।"

कैनेडी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया और कहा कि जब तक इसमें "आमूल-चूल सुधार" नहीं होंगे, तब तक संगठन नेतृत्व का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के संकट से निपटने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र की घोषणा में तंबाकू सेवन कम करना, उच्च रक्तचाप नियंत्रित करना और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना शामिल है। कैनेडी ने गर्भपात और लैंगिक



अधिकारों से जुड़े प्रावधानों को अस्वीकार किया।

## बलोचिस्तान की खनिज संपदा पर अमेरिका ने पाकिस्तान से समझौता कर हारे हुए घोड़े पर दांव लगाया : मीर यार




**क्वेटा (बलोचिस्तान),** — बलोचिस्तान स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता मीर यार बलोच ने अमेरिका और पाकिस्तान के बीच हालिया खनिज सौदे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के 'भ्रष्ट जनरलों' के साथ समझौता कर एक 'हारे हुए घोड़े' पर दांव लगाया है और पाकिस्तान ने उन्हें दुर्लभ खनिज निकालने का झूठा आश्वासन दिया। मीर यार का यह बयान 25 सितंबर को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आया। उनका आरोप है कि जबकि असीम मुनीर और शहबाज़ शरीफ सैन्य व राजनीतिक हस्तियाँ विदेशी निवेश को बढ़ावा देने का दावा कर रही थीं, बलोच स्वतंत्रता सेनानी और सुरक्षा इकाइयाँ खनिज समृद्ध क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण घोषित कर रही थीं, जिससे पाकिस्तान का दावा बेनकाब हो गया। मीर यार ने बताया कि बलूच सुरक्षा इकाइयों ने हाल ही में सुरब और कलात जिलों पर नियंत्रण स्थापित कर राष्ट्रीय राजमार्ह पर चौकियाँ तैनात कर दीं और कब्जा करने वाली सेना के दो वाहनों को हथियार व रसद सहित अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने अमेरिका को सलाह दी कि वह सीधे बलोचों से संवाद करे और किसी भी खनिज समझौते के लिए स्थानीय समुदायों की सहमति अनिवार्य मानी जाए; अन्यथा ऐसे प्रयास नाजायज होंगे। मीर यार ने कहा कि पाकिस्तान ने अतीत में अमेरिकी हितों के खिलाफ काम किया है और स्थानीय लोगों की रजामंदी के बिना कोई भी विनिवेश वैध नहीं माना जाएगा।

## एफबीआई के पूर्व निदेशक कॉमी मुश्किल में फंसे, अमेरिकी कांग्रेस से झूठ बोलने का आरोप

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) के पूर्व निदेशक जेम्स कॉमी पर कांग्रेस से झूठ बोलने का आरोप लगाया गया है। यह मामला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपने अटॉर्नी जनरल से कॉमी और अन्य राजनीतिक विरोधियों पर मुकदमा चलाने के आग्रह के कुछ दिनों बाद दायर किया गया।

कॉमी अब 2016 के चुनाव में रूसी हस्तक्षेप की जांच में शामिल पहले वरिष्ठ सरकारी



अधिकारी बन गए हैं, जिन पर आपराधिक मामला चला। ट्रंप ने वर्षों से इस जांच को धोखा और जासूसी बताया है, जबकि सरकारी समीक्षाओं में स्पष्ट किया गया है कि रूस ने रिपब्लिकन अभियान में हस्तक्षेप किया था।

अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के अधीन न्याय विभाग पर इस कार्रवाई से यह चिंता बढ़ गई है कि इसे राष्ट्रपति अपने राजनीतिक दुश्मनों पर मुकदमा चलाने के लिए उपयोग कर रहे हैं। ट्रंप ने इसे अमेरिका के लिए न्याय करार दिया। कॉमी ने इंस्टाग्राम पर कहा कि वे निर्दोष हैं और न्याय प्रणाली पर भरोसा रखते हैं।

## नेपाल में ओली, देउवा समेत दर्जन भर नेताओं के पासपोर्ट निलंबित, बड़े नेताओं पर निगरानी बढ़ी

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, शेर बहादुर देउवा, उनकी पत्नी डॉ. आरजू राणा और अन्य पूर्व मंत्रियों के पासपोर्ट तत्काल निलंबित करने का निर्णय शामिल है। मुख्य सचिव एकनारायण अर्याल ने विदेश मंत्रालय को पत्र भेजकर विघटित प्रतिनिधि सभा के सभी सांसदों और राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं के डिप्लोमेटिक पासपोर्ट निलंबित करने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय के माध्यम से इमिग्रेशन विभाग को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कोई पूर्व प्रधानमंत्री, मंत्री या नेता बिना सरकार की अनुमति विदेश यात्रा न कर सके। नेपाल पुलिस, सशस्त्र प्रहरी बल और राष्ट्रीय अनुसंधान विभाग को सीमावर्ती जिलों में नेताओं पर निगरानी रखने और सीमा पार करने की आशंका होने पर तत्काल जानकारी देने के लिए कहा गया है। कैबिनेट ने एंटी करप्शन ब्यूरो, अख्तियार दुरुपयोग अनुसंधान आयोग और केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो को हाई प्रोफाइल मामलों की स्टेटस रिपोर्ट दो दिनों में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। गृहमंत्री ओम प्रकाश अर्याल ने कहा कि भ्रष्टाचार में संलिप्त नेताओं को जेल भेजने और गिरफ्तारी के लिए अधिकारियों को पूरी स्वतंत्रता दी गई है।



# भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 5 विकेट से हराकर दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम की

लखनऊ, (हि.स.)। भारत ए ने शुक्रवार को लखनऊ में खेले गए दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने अंतिम दिन टी के पहले 412 रनों का विशाल लक्ष्य हासिल कर दो मैचों की सीरीज 1-0 से अपने नाम की।

इस ऐतिहासिक जीत में केएल राहुल और बी.साई सुदर्शन के शानदार शतकों का योगदान रहा। राहुल ने नाबाद 176 रन बनाए, जबकि सुदर्शन ने 100 रनों की तेज पारी खेली। कप्तान ध्रुव जुरेल ने तेजी से 50 रन बनाकर टीम को यादगार जीत तक पहुंचाया।

यह जीत भारतीय फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में 400+ रनों के केवल छठवें सफल रन चेज़ के रूप में दर्ज की गई। इससे पहले का उच्चतम लक्ष्य 2010 में दलीप ट्रॉफी फाइनल में वेस्ट जोन ने 536 रनों के लक्ष्य को 3 विकेट से पूरा किया था।

भारत में फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में सबसे बड़ी सफल रन चेज़ः

536 – वेस्ट जोन ने दक्षिण जोन को 3 विकेट से हराया (2010)

501 – साउथ जोन ने इंग्लैंड ए को 6 विकेट से हराया (2004)

480 – रेस्ट ऑफ इंडिया ने मुंबई को 4 विकेट से हराया (2016)

424 – कॉमनवेल्थ XI ने बंगाल CM's XI को 1 विकेट से हराया (1964)

421 – रेस्ट ऑफ इंडिया ने दिल्ली को 5 विकेट से हराया (1982)

412 – भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 5 विकेट से हराया (2025)

# आर्चरी प्रीमियर लीग से खेल को फैंस के करीब लाने की उम्मीद : रिषभ यादव

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।
दो से 12 अक्टूबर तक नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाली पहली आर्चरी प्रीमियर लीग में भारत और विश्व के शीर्ष आर्चर्स भाग लेंगे। विश्व और एशिया चैम्पियन रिषभ यादव इस लीग में भाग लेने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस प्रतियोगिता में पांच बार के ओलंपियन अमेरिकी आर्चर ब्रेडी एलिसन भी हिस्सा लेंगे।



यह लीग पहली बार आयोजित होने वाला मिक्स्ड टीम इवेंट है, जिसमें छह फ्रेंचाइजी—प्रिथ्वीराज योद्धा (दिल्ली), राजपूताना रॉयल्स (राजस्थान), काकतीय नाइट्स (तेलंगाना), माइटी मराठा (महाराष्ट्र), चेरो आर्चर्स (झारखंड) और चोला चीफ्स (तमिलनाडु)—एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। गुरुग्राम के रिषभ यादव, जो चोला चीफ्स की ओर से कंपाउंड मेन्स कैटेगरी में खेलेंगे, ने कहा, "आर्चरी प्रीमियर लीग हमारे खेल के लिए एक बड़ा कदम है। यह खिलाड़ियों को एक प्रमुख मंच देगा और आर्चरी को पूरे देश में फैंस के करीब लाएगा।"

रिषभ यादव ने हाल ही में ज्योति सुरेखा वेण्णम के साथ मिक्स्ड टीम वर्ल्ड रिकॉर्ड (1431 अंक) भी बनाया और व्यक्तिगत रूप से 716 अंक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अगस्त 2025 में उन्होंने वर्ल्ड गेम्स में भारत का पहला व्यक्तिगत पदक जीतकर इतिहास रचा। उनके मार्गदर्शक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, यादव ने विश्व चैम्पियनशिप और एशिया चैम्पियनशिप में कई पदक जीते हैं।

रिषभ ने कहा, "लीग न केवल खेल को बढ़ावा देगी, बल्कि खिलाड़ियों के लिए ओलंपिक की तैयारी का भी बेहतरीन मंच है। अधिक मैच खेलकर हम अनुभव हासिल कर सकते हैं। पिछले साल मिक्स्ड टीम इवेंट में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा, और अब हमारा ध्यान ओलंपिक पदक हासिल करने पर और मजबूत हो गया है।"

युवाओं के लिए यह भी उत्साहजनक है कि रिषभ एलिसन जैसे विश्व के शीर्ष आर्चर के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। रिषभ ने कहा, "ब्रेडी एलिसन के खिलाफ खेलना मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव होगा। वह दुनिया के बेहतरीन आर्चर्स में से एक हैं।"

# टीम इंडिया ने स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीते 4 पदक

**कुआलालंपुर (मलेशिया),** (हि.स.)। स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और तीन रजत पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता 16 से 20 सितंबर तक मलेशिया के कुआलालंपुर स्थित स्टेडियम जुआरा, बुकीत किआरा में आयोजित हुई, जिसमें 10 देशों के एथलीट्स ने भाग लिया। भारत की चान्वी शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए महिला एकल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा उन्होंने सुजिता सुकुमारन के साथ जोड़ी बनाकर महिला युगल वर्ग में रजत पदक भी अपने नाम किया। वहीं, अंकित दलाल ने पुरुष एकल वर्ग में रजत पदक जीता और अमल बेजू के साथ मिलकर पुरुष युगल वर्ग में भी रजत हासिल किया। भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी ने समापन समारोह में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी




और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस उपलब्धि पर स्पेशल ओलंपिक्स भारत की अध्यक्ष ने कहा, "हम अपने खिलाड़ियों की इस सफलता पर बेहद गर्व महसूस करते हैं। हमारे एथलीट्स ने साहस, धैर्य और टीम स्पिरिट का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। मैं पूरे दल को हार्दिक बधाई देती हूँ और मलेशिया स्थित भारतीय राजदूत तथा भारतीय समुदाय का विशेष आभार व्यक्त करती हूँ। यह उपलब्धि भारत भर के युवाओं को प्रेरित करेगी।"

इस प्रतियोगिता में कुल 10 देशों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 63 एथलीट और 17 यूनिफाइड पार्टनर्स शामिल थे।

# पूर्व आर्सेनल युवा खिलाड़ी बिली विगर का निधन, मैच के दौरान लगी चोट बनी वजह

**लंदन,** (हि.स.)। इंग्लैंड की नॉन लीग प्रीमियर डिवीजन में खेलते हुए पूर्व आर्सेनल अकादमी खिलाड़ी बिली विगर का निधन हो गया। वह केवल 21 वर्ष के थे।

चिचेस्टर सिटी क्लब ने गुरुवार को उनके निधन की पुष्टि की। इंग्लिश फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) ने भी गहरी संवेदना जताते हुए कहा, "हम बिली विगर के निधन से बेहद दुखी हैं। इस कठिन समय में हम उनके परिवार, दोस्तों और चिचेस्टर सिटी एफसी के सभी लोगों के साथ हैं।" आर्सेनल क्लब ने भी शोक व्यक्त करते हुए लिखा, "हमारे पूर्व अकादमी खिलाड़ी बिली विगर के निधन की खबर बेहद चौंकाने वाली और दुखद है।"

**कौन थे बिली विगर?**

फॉरवर्ड खिलाड़ी विगर ने 2017 में आर्सेनल की अकादमी जॉइन की थी और 2022 में प्रोफेशनल कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। उन्हें एक "शक्तिशाली और बहुमुखी फॉरवर्ड" बताया जाता था। उन्होंने डर्बी काउंटी के लिए लोन पर भी खेला और हाल ही में चिचेस्टर सिटी की ओर से सक्रिय खिलाड़ी थे।

**कैसे हुआ हादसा?**

पिछले शनिवार को विगर विंगेट एंड फिंचली एफसी के खिलाफ मुकाबले में खेल रहे थे। इसी दौरान उनका टकराव मैदान के किनारे स्थित दीवार से हो गया और उन्हें गंभीर दिमागी चोट लगी और वो कोमा में चले गए।

परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया, "मंगलवार को उनकी सर्जरी की गई थी जिससे कुछ सुधार की उम्मीद थी, लेकिन चोट इतनी गंभीर थी कि गुरुवार (25 तारीख) की सुबह उनका निधन हो गया।"

**शोक में फुटबॉल जगत**



इस हादसे के बाद चिचेस्टर का शनिवार को लुईस के खिलाफ होने वाला मैच स्थगित कर दिया गया है। वहीं, इस सप्ताहांत सभी मैचों से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा और खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरेंगे।

# गैरी स्टीड ने न्यूज़ीलैंड क्रिकेट में संभाली हाई परफॉर्मेंस कोचिंग की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)।
न्यूज़ीलैंड के पूर्व मुख्य कोच गैरी स्टीड ने न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) में हाई परफॉर्मेंस कोचिंग की नई भूमिका संभाल ली है।

इस पद पर वे खिलाड़ियों और कोचों के विकास के साथ-साथ हाई परफॉर्मेंस कार्यक्रमों को मजबूत करने पर काम करेंगे।

गैरी स्टीड ने इस वर्ष की शुरुआत में मुख्य कोच के रूप में अपना आठ साल का कार्यकाल पूरा किया। उनके नेतृत्व में न्यूज़ीलैंड ने 2021 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीती, वहीं 2019 और 2021 में वनडे व टी20 विश्व कप के फाइनल तक पहुँची। उनकी कोचिंग में टीम ने 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई और भारत के खिलाफ ऐतिहासिक व्हाइटवॉश जीत दर्ज की।

करीब 34 साल से न्यूज़ीलैंड क्रिकेट से जुड़े स्टीड पाँच टेस्ट खेलने के साथ 100 से अधिक प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए मैचों में सक्रिय रहे। संन्यास के बाद उन्होंने कोचिंग की राह चुनी। वे 2004-09 तक कोच डेवलपमेंट मैनेजर, 2005-06 में एनजेडसी अकादमी के असिस्टेंट कोच, 2009-12 में महिला टीम के मुख्य कोच और कैंटरबरी के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट रह चुके हैं। 2018 में उन्हें पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया गया। हाल ही में उन्हें आंध्र रणजी टीम का भी मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। स्टीड ने कहा कि कोचिंग उनका जुनून है और वे अपने अनुभव से ब्लैककैप्स व वाइट फर्न्स को विश्व स्तर पर और सफलता दिलाना चाहते हैं।

# IND vs WI टेस्ट सीरीज से पहले केएल राहुल का शतक, टीम इंडिया को मिली बड़ी राहत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।
भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में बड़ी राहत मिली है। सिलेक्टर्स ने उन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया है और उन्होंने वापसी के तुरंत बाद बल्ले से शानदार फॉर्म भी दिखा दी है। लखनऊ में खेले जा रहे इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में राहुल ने शतक जड़कर सभी का ध्यान खींचा। तीसरे दिन वह 79 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए थे, लेकिन चौथे दिन



मैदान पर लौटकर उन्होंने 103 रन पूरे किए और लंच तक नाबाद रहे।

उनकी यह पारी न सिर्फ उनके फिटनेस और लय में होने का प्रमाण है, बल्कि आगामी वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली भी है। फिलहाल भारत-ए को जीत के लिए अभी 151 रन की जरूरत है और सात विकेट शेष हैं। राहुल और साईं सुदर्शन (98 रन) की साझेदारी टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। राहुल की यह शतकीय पारी साफ इशारा करती है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हो सकते हैं।

# IND U19 vs AUS U19 : भारत ने 167 रनों से जीता तीसरा मैच, 3-0 से सीरीज पर कब्ज़ा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।
भारत ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम को तीसरे और अंतिम यूथ वनडे मैच में 167 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट पर 280 रन बनाए। इस दौरान वेदांत त्रिवेदी ने 86, राहुल कुमार ने 62 और विहान मल्होत्रा ने 40 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से विल बायरोम और केसी बार्टन ने 3-3 विकेट चटकाए। लक्ष्य



का पीछा करने उतरी मेजबान टीम 28.3 ओवर में सिर्फ 113 रन पर ढेर हो गई। टॉम होगन ने 28 और एलेक्स टर्नर ने 32 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाए। भारत की ओर से खिलन पटेल ने 4 और उद्धव मोहन ने 3 विकेट झटके। इस तरह भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीरीज में क्लीन स्वीप दर्ज किया।